मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 23 – 33 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:32 | सूर्यास्त: 17:14 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सच के साथ जरूर चलिये एक दिन वक्त आपके साथ चलेगा।



भारतीय रेलवे 50 वर्षों से उपेक्षित रही, अब इसका कायाकल्प हो रहा है : वैष्णव पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# दिवाली पर सिर्फ दो घंटे के लिए हरित पटाखों की अनुमति: डब्ल्यूबीपीसीबी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूबीपीसीबी) ने सोमवार को कहा कि 20 अक्टूबर को काली पूजा और दिवाली के अवसर पर दो घंटे के लिए हरित पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। डब्ल्यूबीपीसीबी के अध्यक्ष कल्याण रुद्र ने कहा कि अदालत के निर्देशों के अनुसार 20 अक्टूबर काली पूजा/दिवाली पर दो घंटे की अवधि (8 बजे से 10 बजे तक) के दौरान केवल हरित पटाखे ही फोड़ने की अनुमति होगी, जिससे



प्रदूषण काफी कम होता है। रुद्र ने बताया कि बिना लाइसेंस वाले पटाखों की आपूर्ति को रोकने के लिए पुलिस के साथ मिलकर जांच चौकियां स्थापित करने के संबंध में विशेष निगरानी अभियान भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के कर्मचारी और पुलिस मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवैध पटाखे बाज़ार में न लाए जाएं। पश्चिम बंगाल में पटाखा उत्पादकों और विक्रेताओं की शीर्ष संस्था 'सारा बांग्ला आतिशबाजी उन्नयन समिति' के अध्यक्ष बाबला रॉय ने कहा कि काली पूजा और दिवाली से पहले शहर में चार मेलों में प्रमाणित हरित पटाखे बेचे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरित पटाखे बनाने के लिए नीरी के तहत 73 इकाइयां पंजीकृत हैं।

# दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में दो और गिरफ्तार, नौ दिन की पुलिस हिरासत

**■ 48 घंटे में पुलिस ने सभी आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**दुर्गापुर :** पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की 23 वर्षीय छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के कथित मामले में पुलिस ने सोमवार को दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिषेक गुप्ता ने बताया कि दो और गिरफ्तारियां की गई हैं। इसके साथ ही, छात्रा की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर सभी पांच आरोपियों को



हिरासत में ले लिया गया है। बता दें कि पुलिस ने पहले ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद, रविवार की रात पुलिस ने शेख नासिरुद्दीन उर्फ सम्राट और शेख शफीक को भी गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को गिरफ्तार दो लोगों को स्थानीय अदालत ने नौ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अगली सुनवाई पर सभी पांच आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात की साजिश किसने रची और इसमें किसकी क्या भूमिका थी।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने आरएसएस की गतिविधियों से जुड़ी तमिलनाडु की नीति पर गौर करने का निर्देश दिया

**बागलकोट :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव को सरकारी परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के तमिलनाडु के फैसले पर गौर करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने एक दिन पहले सिद्धरमैया को पत्र लिखकर पूरे कर्नाटक में सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक परिसरों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था। खरगे ने दावा किया था कि ऐसी गतिविधियां भारत की एकता और संविधान के खिलाफ हैं। सिद्धरमैया ने एक सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, प्रियांक खरगे ने एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि आरएसएस सरकारी परिसरों का इस्तेमाल कर रहा है और (उसे रोकने के लिए) वही किया जाए, जो तमिलनाडु सरकार ने किया है। मैंने मुख्य सचिव से तमिलनाडु के फैसले पर गौर करने के लिए कहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक ने चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि आरएसएस सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी अपनी शाखाएं चला रहा है, जहां नारे लगाए जाते हैं और बच्चों तथा युवाओं के मन में नकारात्मक विचार भरे जाते हैं।

# युद्ध केवल सशस्त्र बल नहीं, बल्कि पूरा देश लड़ता है: सीडीएस जनरल चौहान

**ग्वालियर (मध्यप्रदेश) :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कहा कि मई में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने निर्णय लेने और युद्ध का समय तय करने को लेकर एक नये विचार को आकार दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि युद्ध केवल सशस्त्र बलों द्वारा नहीं लड़ा जाता, बल्कि इसे पूरा देश लड़ता है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल चौहान ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व, राजनयिक और सैनिक सभी युद्ध के समय अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक नया सामान्य (न्यू नॉर्मल) माहौल पैदा हुआ है, जिसमें साफ है कि अब बात और आंतक एक साथ नहीं चल सकते और देश परमाणु आक्रमण की धमकी भी सहन नहीं कर सकता। उन्होंने ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 128वें स्थापना दिवस समारोह में छात्रों को संबोधित किया। सीडीएस



ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर ने युद्ध में निर्णय लेने और समय तय करने को लेकर एक नये विचार को आकार दिया है। सशस्त्र बलों के लिए अब भी कई चुनौतियां सामने हैं। कोई भी युद्ध अकेले सशस्त्र बलों द्वारा नहीं लड़ा जाता है, पूरा देश इससे लड़ता है। नेता, राजनयिक और सैनिक अपनी भूमिकाओं को जानते हैं।'' उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों का काम देश में एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करा है, जबकि राष्ट्र निर्माण नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनरल चौहान ने कहा, ''भविष्य भारत का है। आने वाला युग भारत का है और हम इस देश के 140 करोड़ लोग मिलकर इसे हासिल कर सकते हैं।'' केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, कई पूर्व छात्र और छात्रों के माता-पिता ऐतिहासिक किले में आयोजित समारोह में मौजूद थे जिसमें यह स्कूल स्थापित है। इस मौके पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी को माधव पुरस्कार से सम्मानित किया। मिसरी, पाकिस्तान के साथ चार दिवसीय संघर्ष (सात से 10 मई तक चले) के दौरान सशस्त्र बलों के अधिकारियों के साथ नियमित रूप से मीडिया को जानकारी देने वाले टीम का नेतृत्व कर रहे थे। जनरल चौहान ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए 2047 का लक्ष्य रखा है। आने वाले वर्षों में देश मजबूत और अधिक सुरक्षित होगा। हम देश को बदल देंगे।''

## सोना 1,950 रुपये बढ़कर 1,27,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर, चांदी का भी नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 1,950 रुपये बढ़कर 1,27,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,950 रुपये बढ़कर 1,27,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा संघ के अनुसार, हाजिर बाजारों में चांदी की कीमतों में भी ज़बर्दस्त तेजी देखी गई। सोमवार को यह 7,500 रुपये की छलांग के साथ 1,79,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

# अदालत ने लालू प्रसाद, तेजस्वी के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आईआरसीटीसी घोटाला मामले में लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव और 11 अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप तय किये। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि मामले में भूमि और शेयर लेनदेन संभवतः रांची और पुरी में रेलवे के होटलों में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की आड़ में साठगांठ वाले पूंजीवाद का उदाहरण है। पूर्व रेल मंत्री लालू यादव के अलावा, न्यायाधीश ने प्रदीप कुमार गोयल, राकेश सक्सेना, भूपेंद्र कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार गोगिया और विनोद कुमार अस्थाना के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा



13(1)(डी)(दो) और (तीन) के तहत आरोप तय किए। धारा 13 (2) किसी लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार के लिए दंड से संबंधित है, तथा धारा 13 (1) (डी) (दो) और (तीन) किसी लोक सेवक द्वारा पक्षपात के लिए पद का दुरुपयोग करने से संबंधित है। अदालत ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी, मेसर्स लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी, विजय कोचर, विनय कोचर, सरला गुप्ता और प्रेम चंद गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आरोप तय करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, सभी (14) आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र) और आईपीसी की धारा 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और धारा 13(1)(डी)(दो) और (तीन) के तहत एक समान आरोप तय करने का निर्देश दिया जाता है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अधिकतम सज़ा 10 साल है, जबकि धोखाधड़ी के लिए सात साल। न्यायाधीश गोगने ने कहा, अदालत प्रथमदृष्ट्या इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जिस तरह से मेसर्स डीएमसीप-ीएल के शेयर राबड़ी देवी और तेजस्वी प्रसाद यादव को कम मूल्य पर हस्तांतरित किए गए, वह गंभीर संदेह पैदा करता है।

# भारत महान देश, मेरे अच्छे मित्र उसका नेतृत्व कर रहे हैं: ट्रंप

**शर्म अल-शेख (मिस्र) :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बिना उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, ''भारत महान देश है, जिसका नेतृत्व मेरे बहुत अच्छे मित्र कर रहे हैं।'' ट्रंप ने गाजा में इजराइल-हमास के बीच करीब दो साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए युद्ध विराम पर बनी सहमति के बाद मिस्र के शर्म अल शेख शहर में विश्व नेताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि ''भारत और पाकिस्तान एक साथ बहुत अच्छी तरह से रहेंगे''। ट्रंप ने अपने पीछे खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर देखते हुए कहा, ''भारत महान देश है और मेरे बहुत अच्छे मित्र उसका नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि पाकिस्तान और भारत साथ मिलकर बहुत अच्छे से रहेंगे।'' इससे पहले शरीफ और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को सभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया।

# ईपीएफओ से अब 100 प्रतिशत तक की निकासी कर सकेंगे सदस्य, न्यासी मंडल ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को अपने सात करोड़ से अधिक सदस्यों को आंशिक निकासी के नियमों में बड़ी छूट देते हुए पात्र राशि के 100 प्रतिशत तक की निकासी की मंजूरी दे दी। सेवानिवृत्ति कोष निकाय के केंद्रीय न्यासी मंडल (सीबीटी) की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने की। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि अब ईपीएफओ के अंशधारक सदस्य भविष्य निधि में कर्मचारी एवं नियोक्ता के हिस्से सहित पात्र शेष राशि का 100 प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। इसके साथ आंशिक निकासी के जटिल 13 प्रावधानों को आसान बनाने हुए अब तीन श्रेणियों में शामिल कर दिया गया है। इनमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, विवाह), आवासीय जरूरतें और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं। शिक्षा और विवाह के लिए निकासी की सीमा क्रमशः 10 और पांच बार कर दी गई है। विशेष परिस्थितियों में निकासी के लिए अब कारण बताने की भी जरूरत नहीं होगी, जिससे कई दावे अब अस्वीकार नहीं होंगे। इसके अलावा सभी आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा अवधि को भी अब घटाकर 12 महीने कर दिया गया है। ईपीएफओ ने यह भी तय किया है कि सदस्यों को अपनी अंशदान राशि का 25 प्रतिशत न्यूनतम शेष राशि के रूप में हमेशा बनाए रखना होगा। इससे सदस्य उच्च वार्षिक ब्याज सहित चक्रवृद्धि लाभ के जरिये अपने लिए बड़े सेवानिवृत्ति कोष का निर्माण कर सकेंगे।

## लगभग 60 प्रतिशत महिलाएं योग्यता के आधार पर न्यायिक सेवाओं में आ रही हैं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि न्यायिक सेवाओं में आने वाली लगभग 60 प्रतिशत न्यायिक अधिकारी महिलाएं हैं और वे आरक्षण के कारण नहीं बल्कि योग्यता के आधार पर सेवा में आ रही हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने देश भर की विभिन्न अदालतों और बार एसोसिएशनों में महिला वकीलों को पेशेवर चैंबर/केबिन आवंटित करने के लिए एक समान और लैंगिक रूप से संवेदनशील नीति बनाने की मांग वाली याचिका पर केंद्र, भारतीय विधिज्ञ परिषद, शीर्ष अदालत के महासचिव और अन्य को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति कांत ने महिला वकीलों को चैंबर आवंटन में आरक्षण की मांग वाली याचिका पर सवाल उठाया और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से चैंबर प्रणाली के खिलाफ हैं और इसके बजाय क्यूबिकल प्रणाली और सामान्य बैठने की जगह होनी चाहिए, जहां वकील काम कर सकें।

# हमास ने सभी जीवित बंधकों को रिहा किया, इज़राइल ने गाजा समझौते के तहत कैदियों को रिहा किया



**दीर अल बला :** हमास ने सोमवार को युद्धविराम के तहत सभी 20 जीवित बंधकों को रिहा कर दिया। इस युद्धविराम ने गाजा पट्टी में दो साल से चल रहे युद्ध को रोक दिया है, जिसमें हज़ारों फलस्तीन मारे गए। इस समझौते के तहत, इजराइल ने 1,900 से ज़्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है बंधकों की यह रिहाई ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम एवं बंधक समझौते का जश्न मनाने के लिए इज़राइल में हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस समझौते ने युद्ध को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस समझौते के तहत, इज़राइल ने 1,900 से ज़्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है और अकालग्रस्त गाजा में खाद्य और सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने की अनुमति दी है।

### इजराइली बंधकों की रिहाई पर बोले प्रधानमंत्री मोदी : हम ट्रंप के शांति प्रयासों का समर्थन करते हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गाजा पट्टी में इजराइल के सभी 20 जीवित बंधकों की रिहाई का स्वागत किया और कहा कि भारत क्षेत्र में शांति लाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करता है। ट्रंप की गाजा शांति योजना के पहले चरण के तहत हमास ने दो साल से अधिक समय पहले बंधक बनाए गए इजराइली बंधकों को सोमवार को रिहा कर दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम दो साल से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखे गए सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं। उन्होंने लिखा, उनकी रिहाई उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रंप के अथक शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के मजबूत संकल्प के प्रति सम्मान है।



## कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य निर्धारित

लगातार ग्लोबल वार्मिंग संकट से जूझती दुनिया में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर नियंत्रण की दिशा में भारत सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरुआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ऐसे में, जो उत्पादन इकाइयां अपने निर्धारित लक्ष्य से कम कार्बन का उत्सर्जन करती हैं, वे व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली इकाइयों को भारतीय कार्बन बाजार से समतुल्य क्रेडिट खरीदना होगा या फिर जुर्माना देने को बाध्य होना होगा। दरअसल, एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी एवं कागज आदि क्षेत्रों की 282 औद्योगिक इकाइयों को 2023-24 के आधार रेखा स्तर से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पहले अनुपालन चक्र में कुछ बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांता, हिंडाल्को, नाल्को और बाल्को द्वारा संचालित एल्युमीनियम स्मेल्टर और अल्ट्राटेक, डालमिया, जे.के सीमेंटे,श्री सीमेंट और एसीसी के स्वामित्व वाले बड़े सीमेंट संयत्र शामिल हैं। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है कि बड़े औद्योगिक घरानों को हरित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनुकरणीय उदाहरण पेश करना होगा। यदि ये ताकतवर बड़े घराने हरित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सार्थक पहल करते हैं तो आम लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलेगी।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। जिसमें चीन पहले और अमेरिका दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, नये नियम, जो उद्योगों को उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्सहित करते हैं, उनके औद्योगिक प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार ऊर्जा दक्षता योजना पर आधारित हैं। जिसने ऊर्जा-बचत के लक्ष्य निर्धारित किए। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिसे दंड लगाने और समयबद्ध निगरानी व वसूली का काम सौंपा गया है, को कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बड़े औद्योगिक दिग्गजों के प्रतिरोध के लिये पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। यह बात उत्साहजनक है कि भारत ने इस वर्ष पहली छमाही में पहले से कहीं अधिक सौर और पवन ऊर्जा का उत्पादन किया। जबकि इस अवधि के दौरान भारत के बिजली क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में साल-दर-साल आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय गतिविधियों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को जलवायु परिवर्तन का सबसे अहम कारक माना जाता है। हमारा देश, जिसने इस वर्ष ही जलवायु प्रभाव संबंधी आपदाओं की बाढ़ देखी है, को स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास - जलवायु के प्रति संवेदनशीलता कार्बन-तटस्थ भविष्य की ओर बढ़ने के अनुरूप होना चाहिए।

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार



ललित गर्ग

विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता, सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद, सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानकीकरण की भूमिका पर ज़ोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों।

यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालाँकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात् स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम 'सहयोग' है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को 'सतत विकास लक्ष्यः लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी' के रूप रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

आज जब वैश्वीकरण, तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं, तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है, तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे व्यापार सहज होता है, उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी

**विश्व मानक दिवस-**
**14 अक्टूबर, 2025**




सुनिश्चित करता है।

विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं, कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है।

विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते, वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है, तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाज़े बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाज़ार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों, वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है, तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है, सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है, तो वह इस वैश्विक परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ।

मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है। इसलिए इस दिवस पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि हम ऐसी नीतियों से दूर रहें जो विभाजन उत्पन्न करें, और मानकीकरण की उस साझा राह पर चलें जो सबके लिए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। संपूर्ण मानक प्रणाली सहयोग पर आधारित है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# 10,300 करोड़ रुपये के निवेश से कृत्रिम बुद्धिमत्ता में नई क्रांति की शुरुआत

## भारत बनेगा एआई महाशक्ति

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में विश्व नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने इंडिया एआई मिशन के तहत अगले पाँच वर्षों में 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की है। इस मिशन का लक्ष्य है - भारत में एआई का निर्माण और भारत के लिए एआई का उपयोग, ताकि तकनीक का लाभ देश के हर नागरिक तक पहुँच सके।

**इंडिया एआई मिशन के सात स्तंभ**

मार्च 2024 में स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी योजना के सात प्रमुख स्तंभ तय किए गए हैं-

1. **इंडिया एआई कंप्यूट:** देशभर में 38,000 जीपीयू लगाए जाएंगे, जिससे स्टार्टअप, अनुसंधान संस्थान और सरकारी एजेंसियाँ सस्ती दर पर कंप्यूटिंग सुविधा प्राप्त कर सकें।
2. **एप्लिकेशन विकास:** स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, न्याय और शासन जैसे क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जा रहे हैं।
3. **एआईकोष डेटा सेट प्लेटफार्म:** इसमें अब तक 3,000 से अधिक डेटा सेट और 243 एआई मॉडल जोड़े जा चुके हैं।
4. **फाउंडेशन मॉडल:** भारतीय भाषाओं और स्थानीय संदर्भों पर आधारित मल्टीमॉडल मॉडल तैयार किए जा रहे हैं।
5. **फ्यूचर स्किल्स:** युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 13,500 से अधिक फेलोशिप और 174 एआई प्रयोगशालाएँ स्थापित की जा रही हैं।
6. **स्टार्टअप वित्तपोषण:** भारतीय एआई स्टार्टअप्स को पूंजी और वैश्विक बाजार तक पहुँच में सहायता दी जाएगी।
7. **सुरक्षित एवं जिम्मेदार एआई:** डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और निष्पक्ष एआई के लिए नीति ढाँचा तैयार किया गया है।

**एआई से आर्थिक और सामाजिक बदलाव की दिशा में कदम**

सरकार का अनुमान है कि एआई वर्ष 2035 तक भारत की जीडीपी में 1.7 ट्रिलियन डॉलर का योगदान देगा। वर्तमान में देश का तकनीकी क्षेत्र 280 अरब डॉलर से अधिक का राजस्व उत्पन्न कर रहा है और लगभग 60 लाख से अधिक लोग इसमें कार्यरत हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट समावेशी सामाजिक विकास के लिए एआई के अनुसार, एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेशन और कृषि में बड़ा परिवर्तन लाने में सक्षम है। डिजिटल श्रमसेतु मिशन के तहत 49 करोड़ अनौपचारिक कामगारों को एआई, ब्लॉकचेन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीकों से जोड़ा जा रहा है, जिससे रोजगार और उत्पादकता दोनों में वृद्धि होगी।

**ग्रामीण भारत से लेकर शहरों तक एआई का असर**

एआई अब केवल तकनीकी कंपनियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह आम नागरिक के जीवन का हिस्सा बन गया है।

**कृषि क्षेत्र में** - 'किसान ई-मित्र' जैसे डिजिटल साथी किसानों को फसल रोग पहचान, मौसम पूर्वानुमान और बीज चयन में मदद कर रहे हैं।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में** - 'हेल्थ एआई' और टेलीमेडिसिन के माध्यम से बीमारियों की शुरुआती पहचान और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो रही हैं।

**शिक्षा में** - दीक्षा और युवाई (धणत-ळ) कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को एआई प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**याय व्यवस्था में** - ई-कोर्ट्स और एआई आधारित अनुवाद प्रणाली के जरिये स्थानीय भाषाओं में फैसले उपलब्ध हो रहे हैं।

**मौसम पूर्वानुमान में** - 'मौसमजीपीटी' जैसे मॉडल वर्षा और चक्रवात की सटीक भविष्यवाणी कर रहे हैं।

**विश्व मंच पर भारत की बढ़ती पहचान**

भारत अब गिटहब पर दूसरा सबसे बड़ा एआई योगदानकर्ता देश बन चुका है और स्टैनफोर्ड एआई इंडेक्स 2024 में शीर्ष चार देशों में शामिल है।

सर्वम एआई, ज्ञानी एआई और भारतजेन एआई जैसे भारतीय मॉडल अब वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहे हैं।

सरकार फरवरी 2026 में भारत एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन आयोजित करेगी, जिसमें विश्व के प्रमुख विशेषज्ञ भारत के एआई नवाचारों पर चर्चा करेंगे।

**भविष्य की दिशा**

सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में 12.5 लाख से अधिक युवाओं को एआई कौशल प्रशिक्षणदया जाए।

सरकार का मानना है कि एआई का उद्देश्य केवल स्वचालन नहीं, बल्कि मानव सशक्तिकरण है।

भारत अब तकनीक को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत में एआई का निर्माण, भारत के लिए एआई का उपयोग अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल भविष्य की नई पहचान बन चुका है।

## इजराइली बंधकों की रिहाई पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, राहत महसूस कर रहे

**लंदन :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर सोमवार को मिस्र में अन्य विश्व नेताओं के साथ एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं, जहां गाजा के लिए शांति योजना के विवरण पर चर्चा होनी है। लंदन में '10 डाउनिंग स्ट्रीट' स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, स्टॉर्मर ने युद्ध विराम के बाद बंधकों की रिहाई पर काफी राहत व्यक्त की। स्टॉर्मर ने कहा, मैं काफी राहत महसूस कर रहा हूं, क्योंकि अविनतन ओर और अन्य बंधकों को आज रिहा कर दिया गया है; लेकिन यह उस व्यवहार की भी याद दिलाता है, जो हमास के हाथों उनके साथ हुआ था, और उन अत्याचारों की भी, जिन्होंने दो साल पहले दुनिया को हिलाकर रख दिया था। उन्होंने कहा, उनके परिवार से मिलने के बाद, मुझे पता है कि कोई भी वास्तव में उस यातना और पीड़ा को नहीं समझ सकता, जो उन्होंने दो वर्षों तक झेली। मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। स्टॉर्मर ने कहा, मैं अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्किये के अथक कूटनीतिक प्रयासों के लिए अपना आभार दोहराता हूं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 अक्टूबर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष अष्टमी, 11:13 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 11:55 तक, योग : शिव, 05:48 तक, सूर्योदयः 5:32, सूर्यास्तः 17:14, चन्द्रोदय : 23:52, चन्द्रास्तः 12:51, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 14:15 से 15:41

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मेष राशि के जातकों का योजनाओं और तैयारियों में बीत सकता है। आज सोचने का तरीका थोड़ा बदलता हुआ सा दिखेगा। पहले स्थितियों को भली-भांति परख लें।

**वृष :** आज का दिन वृषभ राशि वालों के लिए सफलता और सम्मान लेकर आने वाला है। आज चंद्रमा दशम भाव में स्थित है, जो आपके कार्यों में शांति और स्थिरता प्रदान करेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों का आज का दिन थोड़ा भागदौड़ भरा रह सकता है। राशि स्वामी बुध पंचम भाव में सूर्य के साथ होने से कुछ तनावपूर्ण स्थितियां बनती हुई दिख रही हैं।

**कर्क :** आज का दिन कर्क राशि वालों के लिए शुभ संकेत लेकर आया है। चंद्रमा आपकी ही राशि में विराजमान होकर संपत्ति और समृद्धि की ओर इशारा कर रहा है।

**सिंह :** राशि स्वामी सूर्य, कन्या राशि में द्वितीय भाव में स्थित होकर धन और भाग्य वृद्धि के योग बन रहे हैं। बुध के साथ युति कार्यस्थल में नए अवसर की संभावना दिख रही है।

**कन्या :** आज के दिन कई लोग आपकी सलाह के लिए आपके पास आएंगे। सूझबूझ और संयम से काम लेना आपके लिए फायदे का सौदा साबित होगा। पारिवारिक माहौल में शांति बनी रहेगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा रहने वाला है। आपकी राशि के स्वामी शुक्र द्वादश भाव में रहते हुए आपको मानसिक शांति देंगे। अटके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए सफलता के नए द्वार खुलने वाले हैं। राशि के स्वामी मंगल द्वादश भाव में और चंद्रमा नवम भाव में स्थित होकर विजय और प्रगति के संकेत दे रहे हैं।

**धनु :** आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलता हुआ नजर आ रहा है। आपकी राशि के स्वामी देवगुरु बृहस्पति सप्तम भाव में और चंद्रमा अष्टम भाव में रहकर अचानक लाभ के योग बन रहे हैं।

**मकर :** मकर राशि के जातकों का आज का दिन व्यस्तताओं से भरा रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में सहयोग और समर्थन मिलेगा। किसी पुराने मित्र या सहयोगी से मुलाकात उपयोगी होगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए उन्नति का संदेश लेकर आया है। कुंभ राशि के स्वामी शनि द्वितीय भाव में रहकर धन, कीर्ति और आत्मविश्वास में वृद्धि कर रहे हैं।

**मीन :** मीन राशि के स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि में होकर चतुर्थ भाव में स्थित हैं, जो सुख और मनोरथ सिद्धि के योग बना रहे हैं। परिवार में मांगलिक कार्यों की योजना बन सकती है।

## विदेश की खबरें

### गाजा सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र पहुंचे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**शर्म अल-शेख :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गाजा के भविष्य से संबंधित वैश्विक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को मिस्र पहुंचे। वह अमेरिका की मध्यस्थता से हमास के साथ हुए युद्ध विराम का जश्न मनाने के लिए इजराइल की यात्रा के बाद मिस्र पहुंचे हैं। इजराइल की संक्षिप्त यात्रा के दौरान उन्होंने यरूशलम में 'नेसेट' (संसद) को संबोधित किया। गाजा सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिसकी मेजबानी ट्रंप और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी कर रहे हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने 'ज्यूइश हॉलीडे' का हवाला देते हुए शिरकत करने से इनकार कर दिया। हमास का मुख्य समर्थक ईरान मिस्र में होने वाले शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहा है। ईरानी अधिकारियों ने युद्धविराम समझौते को हमास की जीत बताया है।

### पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच घातक झड़पों के बाद दूसरे दिन भी सीमाएं बंद

**पेशावर :** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पिछले सप्ताह हुईं घातक झड़पों के बाद द्विपक्षीय व्यापार के लिए सोमवार को दूसरे दिन भी सीमाएं बंद रहीं और सैकड़ों लोग फंसे रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार रात अफगान बलों ने कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला किया, जिसके बाद झड़पें शुरू हुईं। अफगानिस्तान के अधिकारियों ने दावा किया कि अफगान जमीनी और हवाई क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन किए जाने के जवाब में उन्होंने 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। पाकिस्तान की सेना ने कम आंकड़े देते हुए कहा कि सीमा पर जवाबी गोलीबारी में उसके 23 सैनिक मारे गए और तालिबान से जुड़े 200 से अधिक आतंकवादी ढेर हो गए। सऊदी अरब समेत विभिन्न देशों ने दोनों देशों से संयम बरतने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने कहा कि डूरंड रेखा के नाम से जाने वाली 2,611 किलोमीटर लंबी सीमा पर रविवार के बाद से गोलीबारी होने की सूचना नहीं है। अफगानिस्तान ने कभी डूरंड रेखा को मान्यता नहीं दी है।

## वर्ग पहेली नं. 3233

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | | | ■ | |
| 8 | | 9 | ■ | | ■ | ■ | 10 | 11 | |
| | ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | | | | ■ | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | | | ■ | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | 21 | | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| 24 | | ■ | | ■ | 25 | | | | ■ |
| | ■ | 26 | | | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 1) ठूँसा हुआ, 4) स्वादप्रेम, 6) बाज़ारदारी, 8) गाँजा, 10) अस्वीकृति, 12) ज्ञात, 14) लालच, 15) गीलापन, 17) छिलका, 18) अन्यथा, 20) चौकाना, 22) करने योग्य होना, 24) दौलत, 25) एक बढ़िया महीन सूती कपड़ा, 26) एक वाहन, 27) हल्की नींद.

*ऊपर से नीचे:-* 1) छीलना, 2) पहिया, 3) शायर, 4) चुनाव, 5) बुज़दिल, 7) यज्ञकर्ता, 9) समीक्षक, 11) ग़लीचा, 13) एक शक्तिशाली जल-चर, 14) धार्मिक या नैतिक बातों का व्याख्यान, 16) बंद करना *(आँखें)*, 19) विवेकहीन, 21) अंतर-राज्यीय, 23) ख़िजाब, 24) बंदरगाह; ठोकर, 25) विष्ठा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | ति | म | ■ | त | ■ | छु | ■ | भ | स्म |
| द | ■ | ह | ■ | मा | ज़ | रा | ■ | ट | ■ |
| र | ■ | ता | ना | शा | ह | ■ | ब | क | रा |
| ■ | कं | ब | ल | ■ | र | ग | ड़ | ना | ■ |
| ना | गा | ■ | ■ | वि | ■ | द | वा | ■ | आ |
| द | ल | म | ल | ना | ■ | रा | ■ | गो | दी |
| म | ■ | ल | ■ | या | ■ | ना | दा | नी | ■ |
| धु | ■ | बा | अ | स | र | ■ | न | ■ | गौ |
| र | म्य | ■ | छ | ■ | वा | ता | व | र | ण |

## सुडोकू-पहेली-3190

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 4 | | | | | | | 2 | |
| | 7 | 9 | 5 | | | | | |
| | 1 | 4 | | 3 | | | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | 6 | | 8 | | 5 | |
| 5 | | | | | | 1 | | |
| | | | | | 4 | | 9 | |
| 3 | | | | 6 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3189 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 5 |

# भूटान से आने वाले पानी के कारण बाढ़ आयी, उसे बंगाल को मुआवजा देना चाहिए : ममता

❑ मुख्यमंत्री मे नागराकाटा में प्रभावित लोगों के परिवारों को दी नियुक्ति पत्र



**जलपाईगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि पड़ोसी देश भूटान से बहकर आने वाले पानी के कारण उत्तर बंगाल में बाढ़ आयी और उन्होंने भूटान से मुआवजे की मांग की। राहत एवं पुनर्वास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रही मुख्यमंत्री बनर्जी ने जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा में कहा कि भूटान से विभिन्न नदियों के माध्यम से बहकर आने वाले वर्षा जल के कारण यह क्षति हुई है। ममता ने एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि भूटान से आने वाले पानी के कारण हमें नुकसान हुआ है हम चाहते हैं कि वे हमें मुआवजा दें। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ समय से भारत-भूटान संयुक्त नदी आयोग के गठन पर जोर दे रही हूं और मेरी मांग है कि पश्चिम बंगाल को भी इसका हिस्सा बनाया जाए। हमारे दबाव में इस महीने की 16 तारीख को एक बैठक होनी है और हमारे अधिकारी उसमें शामिल होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने राज्य को आपदाओं से निपटने के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता से वंचित रखा है। ममता ने जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा के बामनडांगा क्षेत्र में कई राहत शिविरों का दौरा किया। नागराकाटा में आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के एक-एक सदस्य को होमगार्ड पद पर नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही, प्रत्येक मृतक परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि जिन लोगों के दस्तावेज़ आपदा में नष्ट हो गए हैं, राज्य सरकार उनकी डुप्लिकेट दस्तावेज तैयार कराएगी। ममता बनर्जी ने कहा कि जिन लोगों के घर आपदा में ढह गए हैं, उन्हें जल्द ही पुनर्निर्मित घर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## भाजपा अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य अचानक अस्वस्थ होने के कारण सोमवार को बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किए गए। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनके कई शारीरिक परीक्षण किए जाएंगे और साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच भी होगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की चिकित्सा प्रक्रिया तय की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 62 वर्षीय शमीक भट्टाचार्य पिछले कई दिनों से बुखार से पीड़ित थे। दवा लेने के बावजूद उनकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। अस्वस्थ अवस्था में भी वह पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रहे। लेकिन, सोमवार की सुबह उनकी तबीयत बिगड़ने और कमजोरी बढ़ने के कारण उन्हें घर पर इलाज करने के बजाय तुरंत अस्प-ताल में भर्ती कराया गया। शमीक भट्टाचार्य फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में हैं। उन्होंने अपने स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति पर अभी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है, लेकिन बताया कि सभी जरूरी जांच की जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने के कारण अब आने वाले कुछ दिनों तक उनकी देखभाल और चिकित्सा वहीं जारी रहेगी।

**NAME CHANGE**
I, Smt. Mahima Tripathi Singh, W/o. Sri Rakesh Kumar Singh, Resident- 57, Hossain Shah Road, Kidderpore, P.S.- Ekbalpore, Kolkata- 700023, do hereby solemnly affirm and declare before the Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Alipore, Vide Affidavit No. 63123, dated-25/9/2025. That inadvertently in my Aadhaar Card my name has been recorded as Mahima Kumari in place of my correct name Mahima Tripathi Singh. That Mahima Kumari and Mahima Tripathi Singh is one and same identical person. Hencefoth I shall be known as Mahima Tripathi Singh.

**NAME CHANGE**
I, Rakesh Kumar Singh, S/o. Sri Kapil Deo Singh, Resident- 57, Hossain Shah Road, Kidderpore, P.S.- Ekbalpore, Kolkata- 700023, do hereby solemnly affirm and declare before the Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Alipore, vide affidavit No. 63124, date-25/9/2025. That my actual and correct name is Rakesh Kumar Singh, S/o. Sri Kapil Deo Singh. That Rakesh Kumar and Rakesh Kumar Singh is one and same identical person. Henceforth I shall be known as Rakesh Kumar Singh.

**CHANGE OF NAME**
I, Swami Babu Munjeti R/O Qtr No 6/8, CWE Complex, Alipore, Kolkata-700027, this to inform that my Name and my wife's name wrongly written as Swami Babu and Manikanta in my elder daughter Parinitha Munjeti School records. do hereby declare that we known as mine and my wife are Swami Babu Munjeti and Manikanta Munjeti by Vide affidavit before the Notary Public at Alipore Judges Court, Kolkata dated 10.10.2025

**पूर्व रेलवे**
निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10ए-25, दिनांक 09.10.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10ए-25 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं, बंद होने की तारीख/समय 06.11.2025 को 15.00 बजे। कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: पूर्व रेलवे के हावड़ा में 2x25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मैस्टों में डबल पोल आइसोलेटरों के प्रावधान के लिए अतिरिक्त मदों की अनुमानित अनुसूची। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 3,02,65,560; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 3,01,300; निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 06.11.2025 को 15.00 बजे। निविदा खोला जाना: निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-343/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में तृणमूल के वरिष्ठ सांसदों का विवादास्पद बयान

# सतर्क रहें महिलाएं, पुलिस हर जगह नहीं हो सकती : सौगत रॉय



**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय ने दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से कथित तौर पर हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि पुलिस हर जगह मौजूद नहीं हो सकती, ऐसे में महिलाओं को सावधानी बरतनी चाहिए।

कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए, वरिष्ठ सांसद रॉय ने दावा किया कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। रॉय ने कहा कि बंगाल में ऐसे मामले दुर्लभ हैं। बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा किसी भी अन्य जगह से बेहतर है। लेकिन छात्राओं को इतनी देर रात अपने कॉलेज से नहीं निकलना चाहिए, क्योंकि पुलिस हर जगह गश्त नहीं कर सकती। पुलिस हर सड़क पर मौजूद नहीं हो सकती, घटना होने के बाद पुलिस कार्रवाई कर सकती है। इसलिए, महिलाओं को भी सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो कुछ कहा है, वह बिल्कुल सही है।

### ऐसा कोई देश नहीं जहां ऐसी घटनाएं न होती हों : काकोली घोष दस्तीदार



तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सोमवार को दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा कोई समाज या राष्ट्र नहीं है, जहां ऐसे मामले नहीं होते। पत्रकारों से बात करते हुए काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि किसी भी समाज में ऐसे एक या दो मामले होंगे, आपको दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं मिलेगा जहां ऐसा न होता हो। उन्होंने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने अपराजिता विधेयक पारित कर दिया है, हालांकि, इसे अभी राष्ट्रपति से मंजूरी मिलनी बाकी है। काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि हमारा मानना है कि यह एक जघन्य अपराध है। हम चाहते हैं कि अपराधी को सजा मिले। हमने राज्य विधानसभा में अपराजिता विधेयक पारित किया था और फिर यह दिल्ली गया, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे अनुमति नहीं दी। यह राष्ट्रपति के पास पड़ा है। सरकार जो कहती है, राष्ट्रपति वही करते हैं। हमारी मांग के बावजूद इसे पारित नहीं किया गया। इसलिए इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है।

## पीड़िता और परिजनों से मिले राज्यपाल, कहा...

# 'न्याय दिलाने के लिए सब कुछ करेंगे'

**दुर्गापुर :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद पीड़िता से मुलाकात की। राज्यपाल शाम करीब 4.30 बजे मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पहुंचे और लगभग एक घंटे तक वहीं रहे। इस दौरान, उन्होंने अस्पताल में भर्ती पीड़िता और उसके परिवार से लंबी बात की। राज्यपाल ने मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ भी घटना और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया। अस्पताल से बाहर आने के बाद, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने पत्रकारों से बात करते हुए घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह एक वेदनादायक घटना है। मैंने पीड़िता और उसके परिवार से बात की है। जो बातचीत हुई है, वह गोपनीय है। परिवार को न्याय दिलाने के लिए



हम सब कुछ करेंगे। राज्यपाल ने पीड़िता की मानसिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़िता अत्यंत भयभीत और सहमी हुई है। राज्यपाल बोस ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर चिंता जाहिर करते हुए ममता सरकार पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना इस राज्य में पहली बार नहीं हुई है। हाल के दिनों में हमें इस तरह की कई घटनाओं का अनुभव हुआ है। जिस बंगाल के हाथ से नवजागरण आया था, उस बंगाल में इस तरह की घटनाएं अत्यंत अवांछनीय हैं।

## ईडी ने कॉनकास्ट स्टील मामले में 133 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने मेसर्स कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और इसके प्रमोटर संजय सुरेका के खिलाफ धन शोधन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 10 अक्टूबर को ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 133.09 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई सीबीआई और बीएसएफबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच का हिस्सा है, जिसमें कंपनी और इसके निदेशकों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ 6,210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। जांच में पता चला कि संजय सुरेका ने बैंकों से लिए गए कर्ज को गलत तरीके से अपनी समूह कंपनियों में डायवर्ट किया। इसके अलावा, फर्जी स्टॉक स्टेटमेंट और बैलेंस शीट में हेरफेर कर धोखाधड़ी की गई। सुरेका ने अपने रिश्तेदारों, कर्मचारियों और शेल कंपनियों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं। कर्ज की राशि को बीडीजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के डिबेंचर में निवेश किया गया, जिसे बाद में इक्विटी शेयरों में बदल दिया गया। इससे पहले, ईडी ने इस मामले में 612.71 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी, जिसमें कॉनकास्ट स्टील, संजय सुरेका और यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध गोयल से जुड़ी संपत्तियां शामिल थीं। बता दें कि संजय सुरेका और अनंत कुमार अग्रवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी इस मामले में गहन जांच कर रही है ताकि धन शोधन में शामिल सभी लोगों और कंपनियों की भूमिका का पता लगाया जा सके। साथ ही, अवैध धन के अंतिम लाभार्थियों को चिह्नित करने की कोशिश की जा रही है।

## विधानसभा चुनाव : 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की सटीकता होगी चुनाव आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता

**कोलकाता, समाज्ञा**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए वेबकास्टिंग की सटीकता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक बनाया है। साथ ही, उसने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय को इस प्रणाली को मजबूत करने के लिए शीघ्र उपाय शुरू करने का निर्देश दिया है। सीईओ कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि यह निर्देश आंतरिक निष्कर्षों के बाद जारी किया गया है। बता दें कि राज्य में 2024 के लोकसभा चुनावों के सात चरणों में से प्रत्येक के दौरान कई मतदान केंद्रों पर औसतन दो से चार घंटे तक वेबकास्टिंग बंद रही थी। निष्कर्षों के अनुसार, एक जून 2024 को सातवें और अंतिम चरण में मतदान करने वाले नौ लोकसभा क्षेत्रों - दमदम, बारासात, बशीरहाट (उत्तर 24 परगना), जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर और जादव-पुर (दक्षिण 24 परगना) और कोलकाता दक्षिण और कोलकाता नॉर्थ में वेबकास्टिंग में सबसे अधिक खामियां पाई गईं थी।

अधिकारियों के अनुसार, आयोग ने 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभिक सिफारिशें जारी की हैं। पहला सुझाव कैमरा खरीद से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि उपकरण केवल विश्वसनीय संस्थाओं से ही प्राप्त किए जाने चाहिए और इंस्टॉलेशन से पहले हर कैमरे की फंक्शनल क्वालिटी की पुष्टि की जानी चाहिए। दूसरा सुझाव कैमरों की प्लेसमेंट से संबंधित है। कैमरों को सीधे तेज धूप या गर्मी के संपर्क में आने वाली जगहों पर नहीं लगाया जाना चाहिए, क्योंकि 2024 के चुनावों के दौरान कई उपकरण कथित तौर पर ज़्यादा गरम होने के कारण खराब हो गए थे। तीसरा सुझाव मतदान अवधि के दौरान कैमरे के लेंस को किसी भी तरह की बाधा - जैसे कि कागज या कपड़े से ढके होने - से बचाने की आवश्यकता पर जोर देता है, जो पिछले चुनावों के दौरान सामने आई एक और समस्या थी। अंतिम सुझाव यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी का है कि मतदान अवधि के दौरान वेबकास्टिंग चालू रहे।

### शराबी चालकों पर लगाम लगाने के लिए लालबाजार खरीदेगा आधुनिक ब्रेथ एनालाइज़र

❑ एक झटके में पता चलेगा शराब का स्तर

**कोलकाता :** त्योहारी मौसम में शराब पीकर गाड़ी चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए कोलकाता पुलिस अब आधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। लालबाजार 50 अत्याधुनिक ब्रेथ एनालाइज़र खरीदने जा रहा है, जिनकी मदद से नशे में गाड़ी चलाने वालों को तुरंत पकड़ा जा सकेगा। ये सभी यंत्र शहर के 26 ट्रैफिक गार्ड को सौंपे जाएंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन 50 ब्रेथ एनालाइज़रों की खरीद पर 22 लाख रुपये से अधिक का खर्च होगा। इन उपकरणों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें अपनी स्वयं की मेमोरी होगी, जो 10,000 तक रिकॉर्ड सुरक्षित रख सकती है। यानी अगर कोई व्यक्ति कुछ दिनों बाद दावा भी करे कि वह नशे में नहीं था, तो उसका यह बहाना काम नहीं करेगा। यह नया ब्रेथ एनालाइज़र केवल 300 ग्राम वजनी है और इसे लंबे समय तक आसानी से हाथ में पकड़ा जा सकता है। इसमें लगा उन्नत सेंसर कुछ दूरी से फूंके गए सांस से भी 10 सेकंड के भीतर शराब की मात्रा का सटीक विश्-लेषण कर लेगा। इसके बाद 3.2 इंच के टच एलसीडी डिस्प्ले पर परिणाम स्पष्ट रूप से दिख जाएगा। अक्सर देखा गया है कि कुछ चालक जानबूझकर हल्की सांस लेते हैं या बहुत दूर से फूंक मारते हैं ताकि मशीन शराब का स्तर न पकड़ सके। लेकिन यह नई तकनीक ऐसी चालों को भी पहचान लेगी। पुलिस का कहना है कि स्क्रीन पर दिखाई देने वाले शराब के स्तर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लालबाजार की यह पहल शहर में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं. 159_2025-26, दिनांक 10.10.2025, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल में एमईए की कमी (पानी के नल, पेशाबघर, शौचालय, पीएफ शेड एवं प्रतीक्षालय) को दूर करने के लिए प्रस्ताव। अनुमानित लागत : रु. 2,64,16,738.56; बयाना राशि: रु. 2,82,100। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 8 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 31.10.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-344/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/704, दिनांक 10.10.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3381-आर2; कार्य का नाम: चात्रा हावड़ा मंडल के तहत सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन चात्रा गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीरण के लिए विद्युतीय साधारण कार्य। निविदा मूल्य: रु. 72,85,947; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 1,45,700; क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3382; कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन राजग्राम पब्लिक साइडिंग गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीरण के संबंध में विद्युतीय साधारण कार्य। निविदा मूल्य: रु. 50,85,699; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 1,01,700; क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3383; कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन सैंथिया गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीरण के संबंध में विद्युतीय साधारण कार्य। निविदा मूल्य: रु. 79,46,044; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 1,58,900; क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3385; कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन कुलापहाड़ी (तिलभीटा) गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीरण के संबंध में विद्युतीय साधारण कार्य। निविदा मूल्य: रु. 62,69,780; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 1,25,400; क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3386; कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन पाकुड़ गुड्स शेड के उन्नयन एवं आधुनिकीरण के संबंध में विद्युतीय साधारण कार्य। निविदा मूल्य: रु. 1,01,00,499; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 2,00,500; समापन अवधि: प्रत्येक के लिए 180 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 31.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-341/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पश्चिम बंगाल से मानसून का पलायन : मौसम विभाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पश्चिम मानसून की पूरे पश्चिम बंगाल से पूरी तरह से पलायन हो गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मानसून वापसी की रेखा कारवार, कलबुर्गी, निजामाबाद, कांकेर, क्योंझरगढ़, सागर द्वीप और गुवाहाटी से होकर गुजरती है। आईएमडी ने अगले सात दिनों के लिए अपने पूर्वानुमान में कहा कि पश्चिम बंगाल में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के 24 घंटे में पश्चिम बंगाल में किसी भी स्थान पर बारिश नहीं हुई। राज्य की राजधानी कोलकाता में सोमवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगभग सामान्य है। आईएमडी ने मंगलवार सुबह तक कोलकाता में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है।

## सारदा चिटफंड घोटाला : राजीव कुमार की अग्रिम जमानत के खिलाफ याचिका पर शुक्रवार को सुनवायी

❑ सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से पूछा... 'राजीव कुमार से 6 साल क्यों नहीं हुई पूछताछ?'

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय सारदा चिटफंड घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर इस सप्ताह 17 अक्टूबर को सुनवायी करेगा। सोमवार को प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर (शुक्रवार) के लिए निर्धारित की। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जांच एजेंसी की याचिका को अन्य लंबित याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध किया जाए, जिसमें इससे संबंधित एक अवमानना याचिका भी शामिल है। पीठ ने सीबीआई की याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बता दें कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को एक अक्टूबर, 2019 को अग्रिम जमानत दी गई थी और उनके वकील के अनुसार, सीबीआई ने पिछले छह वर्षों के दौरान उन्हें एक बार भी जांच के लिए नहीं बुलाया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें इस मामले को लंबित क्यों रखना चाहिए? आपने इतने सालों में कुछ भी नहीं किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस मामले में एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी के आवास को 'गुंडों ने घेर लिया' और उन्हें कोलकाता में अपने परिवार के सदस्यों की सलामती सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में मदद की गुहार लगानी पड़ी। मेहता ने अनुरोध किया कि दिवाली की छुट्टियों के बाद अन्य याचिकाओं पर भी एक साथ सुनवायी की जाए। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने 29 नवंबर, 2019 को मामले में कुमार को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील पर उनसे जवाब मांगा था। नोटिस जारी करते हुए, पीठ ने कहा कि जांच एजेंसी को यह समझाना होगा कि कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त की हिरासत की आवश्यकता क्यों थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अगर राजीव कुमार को सीबीआई इस मामले के सिलसिले में गिरफ्तार करती है, तो उन्हें 50,000 रुपये की दो जमानतों पर किसी उपयुक्त अदालत द्वारा तुरंत जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कुमार को जांच अधिकारियों के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया था। साथ ही, उन्हें सीबीआई द्वारा 48 घंटे पहले दिए गए नोटिस पर पूछताछ के लिए मामले के जांच अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया था।

**पूर्व रेलवे**
प्रशासनिक इकाई/जोन: सियालदह मंडल-वाणिज्य प्रचार, डीआरएम बिल्डिंग, केजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014. नीलामी सूचीपत्र सं.: एमपीएस-एसडीएएच-03-25; नीलामी प्राधिकारी: सीनि. डीसीएम/सियालदह। नीलामी शुरू (सभी लॉट): दिनांक 29.10.2025 को 13.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तारीख/समय: 29.10.2025 को 13.30 बजे। स्वतः विस्तारित जोन: 120 सेकेंड, स्वतः विस्तारित अवधि: 120 सेकेंड। प्रारम्भिक कूलिंग ऑफ अवधि: 30 मिनट। अनुक्रमिक लॉट समापन अंतराल: 10 मिनट। अधिकतम स्वतः विस्तार: 10 बार। सिक्वेंस सं./लॉट सं./श्रेणी, विवरण निम्नानुसार: एए/1, एमपीएस-एसडीएएच-एमएमजी-एमपीएस-11-25-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल), पीएफ सं. 1 के निकट नए बुकिंग कार्यालय के संलग्न बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन - अनारक्षित - सभी के लिए खुला। दर इकाई: वार्षिक लाइसेंस शुल्क। ईएमडी: 10%। न्यूनतम वृद्धि (%): 0.2। लॉट की स्थिति: आरपी लंबित। (SDAH-225/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सिंगूर में टाटा के लिए अधिकृत भूमि पूर्व में वहां काम करने वाली कंपनियों को नहीं दी जाएगी : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार को राहत देते हुए फैसला दिया कि सिंगूर में टाटा मोटर्स की 'नैनो' कार परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि उन औद्योगिक संस्थाओं को वापस नहीं की जाएगी जो अधिग्रहण से पहले वहां काम कर रही थीं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केदार नाथ यादव मामले में शीर्ष अदालत के 2016 के फैसले की व्याख्या की। पीठ ने कहा कि 2016 का निर्णय आधार था कि अधिग्रहण से कमजोर समुदाय असमान रूप से प्रभावित हुए, जो सरकारी कार्रवाई को चुनौती देने के लिए वित्तीय संसाधन और संस्थागत पहुंच में सक्षम नहीं थे। पीठ ने कहा कि इस न्यायालय ने राज्य को 12 सप्ताह के भीतर मूल भूस्वामियों/कृषकों को भूमि वापस करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने 2016 के अपने फैसले की व्याख्या करते हुए कहा कि असाधारण न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता तब होती है जब व्यवस्थागत बाधाएं कुछ वर्गों को सामान्य उपचारों तक पहुंचने से रोकती हैं, न कि तब जब पक्षों के पास अपने अधिकारों की रक्षा के लिए पर्याप्त साधन हों। वंचितों की मुफलिसी की प्रक्रिया को रोकने के लिए दी गई राहत, वित्तीय क्षमता और संस्थागत विशेषज्ञता रखने वाले वाणिज्यिक उद्यमों को नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने यह आदेश राज्य सरकार की उस याचिका पर दिया जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने राज्य को निर्देश दिया था कि वह मेसर्स सैंटी सेरामिक्स प्राइवेट लिमिटेड को सभी संरचनाओं सहित 28 बीघा जमीन लौटा दे। यह कंपनी टाटा की नैनो परियोजना के लिए 2006 में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से पहले सिंगूर में सिरेमिक विद्युत इन्सुलेटर के उत्पादन के लिए एक फैक्टरी का संचालन कर रही थी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि जब अधिग्रहण अनिवार्य सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर देता है, तो पूरी तरह से विरासत में मिली ज़मीन पर निर्भर रहने वाले सीमांत किसान गरीबी का सामना करते हैं। उनके पास कोई वैकल्पिक आजीविका नहीं होती, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए संसाधनों की कमी होती है या लंबी मुकदमेबाजी का खर्च वहन करने की क्षमता नहीं होती। इस अदालत द्वारा प्रदान किया गया उपाय इस संरचनात्मक खामी को दूर करता है। पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वर्गीकरण का निर्णायक कानूनी महत्व है और सभी प्रभावित पक्षों को स्वत: बहाली प्रदान करने के बजाय संरचनात्मक रूप से कमजोर को राहत प्रदान करके, इस न्यायालय ने 2016 में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही में अंतिमता को कमजोर करने से रोका, जबकि वास्तव में कमजोर लोगों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित की। पीठ ने रेखांकित किया कि इस पृष्ठभूमि में, हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि प्रतिवादी संख्या 1 (सैंटी सेरामिक्स) इस न्यायालय द्वारा परिकल्पित सुरक्षात्मक ढांचे से पूरी तरह बाहर है। अपनी एकमात्र आजीविका के नुकसान से संभावित विपन्नता का सामना कर रहे सीमांत किसानों के विपरीत, प्रतिवादी संख्या 1 ने 2003 से 100 से अधिक श्रमिकों को रोजगार देते हुए 60,000 वर्ग फुट का विनिर्माण संयंत्र संचालित किया है, और कृषि भूमि को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए खरीदा और परिवर्तित किया है। शीर्ष अदालत ने सैंटी सेरामिक्स को तीन महीने के भीतर संबंधित भूमि से शेष संरचनाओं, मशीनरी को हटाने की अनुमति दे दी है, या वैकल्पिक रूप से वह राज्य के अधिकारियों से संरचनाओं, मशीनरी और अन्य चल और अचल वस्तुओं को सार्वजनिक नीलामी के लिए रखने का अनुरोध कर सकती है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामला : दुर्गापुर के सिटी सेंटर इलाके में भाजपा ने शुरू किया छह दिवसीय धरना

❑ **तृणमूल से जुड़ा है गिरफ्तार आरोपित : शुभेंदु अधिकारी**
❑ **पीड़िता के पिता ने नेता प्रतिपक्ष से की मुलाकात**



**दुर्गापुर :** राज्य की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने शहर के एक निजी कॉलेज की मेडिकल छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में सोमवार को पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर में छह दिवसीय धरना शुरू किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सिटी सेंटर इलाके में धरने की शुरुआत की। इस दौरान, भाजपा नेता ने धरना मंच से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हम ओडिशा की अपनी बहन की रक्षा करने में नाकाम रहे और इस राज्य की मुख्यमंत्री महिलाओं से अपनी सुरक्षा खुद करने को कह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक दुर्गापुर नगर निगम में कार्यरत है। हमें पता चला है कि उसके पिता तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं। इसलिए, इस मामले में तृणमूल का हाथ है। मामले का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। बंगाल में कानून का राज नहीं है। भाजपा नेता ने पुलिस पर मंच निर्माण सहित आंदोलन में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि आंदोलन छह दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मैंने उसके माता-पिता से बात की। उसकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि माता-पिता उसे जल्द से जल्द एम्स भुवनेश्वर ले जाना चाहते हैं। आज सुबह लगभग 8 बजे मुझे हमारे एक पार्टी कार्यकर्ता के माध्यम से फोन आया कि डॉक्टरों को मैनेजमेंट द्वारा निर्देश दिया गया है कि वे मुझसे या मेरी पार्टी के किसी अन्य नेता से न मिलें। यह निर्देश पुलिस या तृणमूल कांग्रेस की ओर से आया होगा। अधिकारी ने कहा कि पुलिस को समझना चाहिए कि घर पर उनकी भी बेटियां और पत्नियां हैं। उनकी सुरक्षा के लिए लड़ने के बारे में क्या? पुलिस को निष्पक्ष तरीके से काम करने की जरूरत है, लेकिन वे भाजपा को रोकने में व्यस्त हैं। भाजपा नेता ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से धरना जारी रखने को कहा और ममता बनर्जी सरकार को उन्हें रोकने की चुनौती दी। धरने की शुरुआत से पहले शुभेंदु अधिकारी ने दुष्कर्म पीड़िता के पिता से मुलाकात की और उन्हें न्याय के संघर्ष में पार्टी की ओर से पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। बाद में, वे उन्हें मंच पर भी लेकर आए।

## बालुरघाट में परीक्षा पास कराने के नाम पर वित्तीय धोखाधड़ी, टोटो चालक गिरफ्तार

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले में परीक्षा पास कराने और कम नंबर वाले कॉलेज छात्रों के नंबर बढ़ाने का झांसा देकर वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को एक टोटो चालक को गिरफ्तार किया। दक्षिण दिनाजपुर जिला पुलिस ने बालुरघाट में पत्रकार वार्ता कर इस घटना की जानकारी दी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित जुलियस मोल्ला, गंगारामपुर के अशोकग्राम इलाके के निवासी हैं और पेशे से टोटो चालक हैं। आरोप है कि जुलियस मोल्ला कॉलेज छात्रों को अपने टारगेट के रूप में चुनता था और परीक्षा के परिणामों के बाद यह पता लगाता था कि कौन से छात्र के नंबर कम हैं या कौन असफल हुआ है। इसके बाद, वह छात्रों का मोबाइल नंबर इकट्ठा करता और खुद को कॉलेज या विश्वविद्यालय



प्रशासन का कर्मचारी बताकर कॉल करता था। फोन पर वह छात्रों को यह झांसा देता कि यदि वे पैसे देंगे तो उनके नंबर बढ़ा दिए जाएंगे। कई छात्र इस झांसे में फंस गए। हालांकि, कुछ छात्रों को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। इसके बाद, बालुरघाट महिला महाविद्यालय की छात्रा माइनो हासदा ने बालुरघाट साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई। दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए हैं। डीएसपी सदर बिक्रम प्रसाद ने बताया कि गत 22 जुलाई को बालुरघाट साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज हुई थी। मोबाइल लिंक के आधार पर जुलियस मोल्ला को गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे पांच दिन पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## टाटा पंच बनी सिलीगुड़ी की पसंदीदा एसयूवी: इस फेस्टिव सीज़न की सबसे चर्चित कार

**सिलीगुड़ी :** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने सितंबर 2025 में जबरदस्त बिक्री दर्ज करते हुए भारत की नंबर 2 पैसेंजर व्हीकल कंपनी के रूप में अपनी जगह बनाई है। इस सफलता की सबसे बड़ी वजह रही टाटा पंच – जो देश की टॉप 5 सबसे ज़्यादा बिकने वाली कारों में शामिल रही। पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक – तीनों वैरिएंट्स में उपलब्ध पंच एक कॉम्पैक्ट लेकिन दमदार एसयूवी है। शानदार फीचर्स और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ यह न सिर्फ एसयूवी में अपग्रेड करने वालों की सबसे पसंदीदा चॉइस बनी है, बल्कि देशभर में पहली बार कार खरीदने वाले 69% ग्राहकों की भी पहली पसंद रही है।

## एनसीडब्ल्यू ने दुर्गापुर दुष्कर्म पीड़िता को शैक्षणिक राहत मुहैया कराने और सुरक्षा बढ़ाने को कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने दुर्गापुर में कथित सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता 23 वर्षीय मेडिकल छात्रा को शैक्षणिक राहत उपलब्ध कराने और सुरक्षा उपायों बढ़ाए जाने की सोमवार को सिफारिश की, ताकि उसकी शिक्षा में आए व्यवधान को रोका जा सके और उसकी भलाई सुनिश्चित की जा सके। एक बयान में कहा गया कि घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सिफारिशें भेजीं, जिनमें इस घटना के कारण सदमा झेल रही पीड़िता को होने वाले शैक्षणिक व्यवधान को दूर करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया। ये सिफारिशें एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार द्वारा दुर्गापुर में तथ्यों का पता लगाने के लिए किए गए दौरे के बाद की गई हैं। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि चूंकि, पीड़िता आघात के कारण अपनी आगामी परीक्षा देने में असमर्थ हो सकती है, इसलिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और विश्वविद्यालय के अधिकारियों को शैक्षणिक नुकसान को रोकने के लिए एक विशेष परीक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि पीड़िता की दीर्घकालिक भलाई और शैक्षिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए वह उसके संस्थान को बदलने में सहायता करेगा। बयान में कहा गया है कि यदि पीड़िता अपने वर्तमान संस्थान में अपनी पढ़ाई जारी रखने में सुरक्षित महसूस नहीं करती है तो एनएमसी और राज्य सरकार को संयुक्त रूप से उसकी सुरक्षा, सुविधा और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उसे वैकल्पिक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

## मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में प्रसूता की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लगाया चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप

### स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की जांच, आंतरिक समिति गठित

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सोमवार के तड़के एक नौ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया। मृत महिला की पहचान बेलदा थाना अंतर्गत नाहापाड़ा ग्राम निवासी शिखा दे दास (32) के रूप में हुई है। परिजनों ने चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीसीयू वार्ड के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मृत महिला के पति पवित्र दास के अनुसार, उनकी पत्नी नौ माह की गर्भवती थी। रविवार की शाम लगभग 6 बजे सांस लेने में तकलीफ होने पर उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। इमरजेंसी में दिखाने के बाद उसे मातृमा विभाग भेजा गया, जहां से चिकित्सकों ने मेडिसिन वार्ड भेज दिया। परंतु उसे भर्ती नहीं किया गया, बल्कि जुकाम और बुखार की दवा देकर वापस भेज दिया गया। रात में उसकी तबीयत और बिगड़ने पर परिजन उसे पुनः अस्पताल लाए। वहां से दोबारा मातृमा विभाग भेजा गया, बाद में उसकी स्थिति गंभीर होने पर सुबह 5 बजे सीसीयू में भर्ती किया गया, जहां सुबह 6 बजे उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन सक्रिय हो गया। परिजनों की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज के सुपर और जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ने संयुक्त रूप से रिपोर्ट मांगी है। सोमवार को इस प्रकरण पर मेडिकल कॉलेज के सुपर, सहायक सुपर तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में आपात बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग सूत्रों के अनुसार, राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मेदिनीपुर पहुंचेगा, जो मामले की जांच करेगा। साथ ही चार सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जिसमें तीन सदस्य स्वास्थ्य भवन से और एक सदस्य जिला प्रशासन से होंगे। मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज की ओर से भी एक अलग आंतरिक जांच समिति बनाई गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

## उत्तर बंगाल में फिर भाजपा विधायक घायल

❑ **तूफ़ानगंज में भाजपा नेताओं–कार्यकर्ताओं पर हमला**
❑ **दुर्गापुर घटना के विरोध में थाना घेराव कार्यक्रम के दौरान लगे 'गो बैक' के नारे**



**कूचबिहार :** ज़िले के तूफानगंज में सोमवार को पुलिस के सामने ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की पिटाई का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। जानकारी के अनुसार, भाजपा ने दुर्गापुर में हुई कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में सोमवार को तूफानगंज थाने का घेराव कार्यक्रम आयोजित किया था। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भाजपा नेताओं के साथ तूफानगंज की भाजपा विधायक मालती रावा राय भी पार्टी कार्यालय पहुंचीं। भाजपा का आरोप है कि जैसे ही विधायक मालती रावा राय पार्टी कार्यालय के बाहर पहुंचीं, तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और गो बैक के नारे लगाने लगे। इसके बाद, भाजपा कार्यालय के सामने तीव्र तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। भाजपा ने दावा किया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सरेआम सड़क पर गिराकर पीटा। दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई, जिससे मुख्य सड़क पर जाम लग गया। बाद में, पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

## गार्डन रीच में दुष्कर्म के बाद नाबालिग गर्भवती, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के गार्डन रीच इलाके में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप लगा है। कथित तौर पर, पीड़िता दुष्कर्म के कारण गर्भवती हो गई। इस घटना को लेकर काफी उत्त–ेजना है। मुख्य आरोपी कुतुबुद्दीन शाह को स्थानीय वेस्ट पोर्ट थाने ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पोक्सो सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से चरणबद्ध तरीके से पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि यह घटना कैसे हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 28 सितंबर को नाबालिग लड़की के परिवार ने वेस्ट पोर्ट थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि नाबालिग लड़की से एक बार नहीं, बल्कि कई बार कई जगहों पर अलग–अलग बहाने से दुष्कर्म किया गया। परिवार ने आरोप लगाया कि बार–बार दुष्कर्म के कारण पीड़िता गर्भवती हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि मुख्य आरोपी कुतुबुद्दीन शाह को पुलिस ने रविवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि आरोपी का नाबालिग लड़की से संबंध था।

### बेलघरिया में नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया थाना अंतर्गत नंदननगर इलाके में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम देबाशीष चक्रवर्ती है। हाल ही में, परिवार ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने का दरवाजा खटखटाया। उसके बाद, आरोपी को बेलघरिया स्टेशन से सटे इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को घटना के प्रकाश में आते ही तृणमूल भाजपा के खिलाफ मुखर हो गई है। पीड़िता के परिवार और स्थानीय लोगों ने गिरफ्तार व्यक्ति के लिए कड़ी सजा की मांग की है, चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो।

## बस में यात्री से 50,000 की चोरी, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 42,500 बरामद किए

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की वॉच सेक्शन ने एक बस चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 42,500 नकद बरामद किए हैं। मामला बहेला थाने के अंतर्गत दर्ज केस संख्या 241, दिनांक 20.09.2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज है। घटना 19 सितंबर 2025 की है, जब शाम करीब 4:20 बजे अज्ञात चोरों ने शिकायतकर्ता के बेटे से 50,000 नकद चोरी कर लिए थे। यह घटना तब हुई जब वह एसएसकेएम अस्पताल से नारायणा अस्पताल, बहेला की ओर जाने वाली बस से यात्रा कर रहा था। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने सोमवार (13 अक्टूबर) को मोहम्मद अमन (28), निवासी बत्तिकल सेकंड लेन, थाना गार्डनरीच, कोलकाता–24, को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध कबूल किया और उसके बयान के आधार पर चोरी की रकम में से 42,500 नकद बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी को मंगलवार (14 अक्टूबर) को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की अर्जी दी जाएगी। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है, ताकि चोरी में शामिल अन्य संभावित साथियों का भी पता लगाया जा सके।

## राष्ट्रीय बिहारी समाज का दशहरा प्रीति सम्मेलन संपन्न

**कोलकाता :** राष्ट्रीय बिहारी समाज की तरफ से दशहरा प्रीति सम्मेलन टाला के मोहित मंच में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा के तहत हिंदी सेवा सम्मान समारोह व काव्य पाठ कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें हिंदी की सेवा के लिए विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय बिहारी समाज की अध्यक्ष ममता सिंह ने की। मौके पर त्रैमासिक पत्रिका हिंदी है दिल हमारा का विमोचन भी किया गया।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय बिहारी समाज के चेयरमैन डॉक्टर हरेंद्र सिंह, पार्षद सत्येंद्र सिंह, राजेश सिन्हा, सचिन सिंह, अरुण शाह, अंजन पाल, अनवर खान, किशन जयसवाल, मानव जायसवाल, श्याम पुरोहित, कृष्ण सिंह, भरत सिंह, रामबाबू सिंह, अभिजीत ओझा, मोहित सिंह आदि उपस्थित थे। रामनरेश जायसवाल, धनंजय सिंह, रणधीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश पांडे, राजेश्वर सिंह, राजा बाबू सिंह ने वक्तव्य रखे। मनोज कुमार सिंह आदर्श ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के महासचिव संतोष सिंह, सचिव, अंकुल सिंह एवं आकाश पांडे की अहम भूमिका रही।

## मालदह में 40 लाख रुपये के ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह पुलिस और सीएमजी मालदह की टीम ने पुरानी एनएच 34 के पास बेहुला ब्रिज के समीप दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनसे 380 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिहार के खगड़िया जिले के निवासी बाबू साहेब पासवान (25) और प्रशांत कुमार (19) के तौर पर हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्हें यह मादक पदार्थ कालियाचक के एक सप्लायर से मिला था। बरामद की गई ब्राउन शुगर की अनुमानित खुदरा कीमत लगभग 40 लाख है। दोनों आरोपितों के खिलाफ उपयुक्त धाराओं के तहत विशेष मामला दर्ज किया गया और उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उनके रिमांड की मांग की।

## आविर्भाव संकल्प का गौसेवा का कार्य संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** आविर्भाव संकल्प ने श्री श्री बार्डेश्वरनाथ धाम गौशाला, दक्षिणदाड़ी में गौसेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर गौशाला के संरक्षक संजीव सिंह ने कहा कि संस्था के लोगों ने आकर गौसेवा का जो अनुपम कार्य किया है यह सचमुच हमारे साथ–साथ समाज के लिए एक प्रेरणाश्रोत का काम करेगा। संस्थाध्यक्ष विजय कुमार उपाध्याय ने संस्था के निर्माण का उद्देश्य बताते हुए संस्था से लोगों को जुड़कर सामाजिक कार्य में भागीदारी के लिए आह्वान किया। गौसेवा के इस कार्यक्रम में गायों को चना दाल, गुड़, हरा चारा इत्यादि खाद्य सामग्री खिलाई गई और सेवा कार्य किया गया। इस मौके पर ऊषा गुप्ता, राधे श्याम गुप्ता, सूरज तुलसीयान, कृष्णा झा, गजेन्द्र बहादुर सिंह, जगदीश जायसवाल, राज नारायन जायसवाल, सौरभ कुमार, शिवम, अमीत, यश जायसवाल के साथ संस्था के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी ने सहभागिता की।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ की बड़ी सफलता: 46 लाख रुपये नकद और विदेशी शराब बरामद

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के हावड़ा, आसनसोल और मालदा मंडलों में चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 12 अक्टूबर 2025 को एक संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की। इस दौरान कुल पाँच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 46 लाख रुपये नकद और 173 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिनकी कुल कीमत 39,140 रुपये आंकी गई है।



यह कार्रवाई बोलपुर, बामनगाछी, आसनसोल, जमालपुर और भागल–पुर रेलवे स्टेशनों पर की गई। बोलपुर स्टेशन पर एक व्यक्ति से 19 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, जबकि बामनगाछी स्टेशन पर एक व्यक्ति से 27 लाख रुपये नकद और 53 बोतल विदेशी शराब मिली। आसनसोल स्टेशन पर एक व्यक्ति से 54 बोतल विदेशी शराब, जमालपुर स्टेशन पर एक व्यक्ति से 49 बोतल विदेशी शराब, और भागलपुर स्टेशन पर 17 बोतल विदेशी शराब अवैध रूप से बरामद की गई।

गिरफ्तार व्यक्तियों के साथ जब्त नकदी और शराब को संबंधित आबकारी विभाग और जीआरपीएस के हवाले कर दिया गया है ताकि आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। वहीं, बरामद नकदी को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंपा जाएगा।

यह अभियान पूर्व रेलवे की आरपीएफ की सतर्कता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो रेलवे परिसरों में सुरक्षा, कानून व्यवस्था और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को विभिन्न स्थानों पर सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने में सफाई कर्मियों के अमूल्य योगदान को सराहना और पहचान देना था।



कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को पदक, उपहार, फूलमाला, मिठाई के पैकेट, प्रशंसा पत्र और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इन सम्मान समारोहों में रेलवे अधिकारियों ने कहा कि सफाई कर्मचारी रेलवे की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं और उनके समर्पण से ही यात्रियों को साफ–सुथरा वातावरण मिल पाता है।

यह पहल स्वच्छ प्रतियोगिता की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ अग्रिम पंक्ति के इन कर्मियों के निरंतर प्रयासों को सम्मान देने का प्रतीक है। अधिकारियों ने आशा जताई कि इस तरह के कार्यक्रमों से सभी कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।

## धनतेरस पर मेकिंग चार्ज में जबरदस्त छूट आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स द्वारा

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस धनतेरस पर आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स मेकिंग चार्ज पर जबरदस्त छूट का ऑफर अपने कस्टमर को दे रहे हैं। धनतेरस पर सौभाग्य और समृद्धि का स्वागत आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स से ज्वेलरी खरीद कर करें। हालांकि गोल्ड के दाम काफी बड़े हुए हैं लेकिन आने वाले दिनों में और भी ज्यादा बढ़ाने के चांस है इसलिए ज्वेलरी की खरीदारी में हमेशा ही समझदारी है। आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स में 2025 धनतेरस को ध्यान में रखकर काफी नए डिजाइन के ज्वेलरी जिसमें की कुंदन जराऊ ,रियल डायमंड, पोल्की डायमंड,एवं गोल्ड की ज्वेलरी हर तरीके के रियल ज्वेलरी आपको रीजनेबल रेट में उपलब्ध है आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स पिछले 49 ईयर से ज्वेलरी व्यवसाय में जुड़े हुए हैं। काफी अच्छा अनुभव रखने के



कारण यह ब्रांड सभी कस्टमर को अच्छा लगता है। इस धनतेरस और दीपावली तक हमारे सभी शोरूम रविवार को भी खुले रहेंगे धनतेरस को शोरूम देर रात तक खुला रहेगा आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स के डायरेक्टर श्री रतनलाल अग्रवाल एवं रेवती रमण अग्रवाल ने यह जानकारी दी। आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स के 6 शोरूम पूरे भारत में है जो की केमक स्ट्रीट, सिटी सेंटर वन, बड़ा बाजार, एवं जयपुर, राउरकेला, सिलीगुड़ी, में स्थित है। हमारे यहां से खरीदी हुई ज्वेलरी कभी भी रिटर्न करेंगे तो रीजनेबल रेट में रिटर्न होगी। यह सभी जानकारी डायरेक्टर श्री ऋषभ अग्रवाल ने दी आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स का स्लोगन है रिश्ता भरोसे का और सभी ज्वेलरी आप पूरे भरोसे से खरीद सकते हैं।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में पहली जमानत, चार महीने बाद जेल से रिहा हुआ सुरक्षा गार्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा स्थित सरकारी लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में सोमवार को अदालत ने पहली बार किसी आरोपित को जमानत दी है। चार महीने बाद कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को अलीपुर अदालत ने सशर्त जमानत प्रदान की। वहीं, मुख्य आरोपित मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी अब भी जेल में बंद हैं। बता दें कि यह घटना गत 25 जून की है, जब कसबा के एक सरकारी लॉ कॉलेज की छात्रा से कॉलेज परिसर में ही सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता ने दो दिन बाद यानी 27 जून को कसबा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद, पुलिस ने कॉलेज के पूर्व छात्र और अनुबंधित कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, उसके दो सहयोगियों और कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को गिरफ्तार किया था। पीड़िता का आरोप था कि घटना के दिन कॉलेज का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया और उसे गार्ड रूम में ले जाकर हॉकी स्टिक से बुरी तरह पीटा गया। हमले के दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आई। आरोप यह भी है कि उस समय ड्यूटी पर मौजूद पिनाकी ने सब कुछ देखा, लेकिन पीड़िता की मदद करने या पुलिस को सूचना देने का कोई प्रयास नहीं किया। इस दिन, अदालत में पिनाकी के वकील ने दलील दी कि उनका मुवक्किल एक मामूली वेतनभोगी कर्मचारी है और उसके खिलाफ ठोस सबूत नहीं हैं। वहीं, अभियोजन पक्ष ने सवाल उठाया कि अगर पिनाकी को घटना की जानकारी थी, तो उसने तत्काल इसकी सूचना क्यों नहीं दी? क्या वह इस तरह की घटनाओं से पहले से परिचित था? इस मामले में यह पहली जमानत है, जबकि मुख्य आरोपित तीनों छात्र अब भी न्यायिक हिरासत में हैं। जांच एजेंसियों का कहना है कि इस घटना के बाद कॉलेज प्रशासन के भीतर कई पुराने आरोप भी सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है।

## स्वच्छता पखवाड़ा 2025 : सियालदह मंडल में जारी स्वच्छता अभियान की सराहनीय पहलें

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सोमवार, 13 अक्टूबर को स्वच्छता और जनजागरूकता से जुड़ी कई उल्लेखनीय गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान रेलवे परिसरों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्थायित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान को रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और यात्रियों की ओर से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिल रही है।



दिनांक 13 अक्टूबर को सियालदह मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा बैरकपुर, डुमडुम जंक्शन, कोलकाता, नैहाटी, बरानगर, बालीगंज, चकदह सेक्शन, हाबरा, कृष्णनगर, मजेरहाट सहित विभिन्न स्टेशनों पर सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दिनभर की गतिविधियों में स्टेशनों की स्वच्छता बनाए रखने में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना, सफाई कार्यों में लगे पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करना, और प्लेटफार्म, ट्रैक, सार्वजनिक शौचालयों एवं अन्य क्षेत्रों की साफ–सफाई को सुदृढ़ बनाए रखना शामिल रहा।

इसके साथ ही अमृत संवाद सत्र भी कोलकाता और कल्याणी स्टेशनों पर आयोजित किए गए, जहाँ यात्रियों से स्वच्छता और सेवा सुधार से जुड़ा महत्वपूर्ण फीडबैक एकत्र किया गया।

सियालदह मंडल के एनएचएम विभाग द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों ने रेलवे को अधिक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ बनाने के सामूहिक प्रयासों को सशक्त किया तथा स्वच्छ भारत मिशन की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

# विजया सम्मेलन में अभिषेक बनर्जी का संदेश - दिसंबर में फिर से शुरू होगा 'सेवाश्रय'

❑ **कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी का निर्देश**

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के सर्वभारतीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित विजया सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस मौके पर घोषणा की कि इस वर्ष दिसंबर के पहले सप्ताह में 'सेवाश्रय' शिविर का पुनः आयोजन किया जाएगा, जिसमें डायमंड हार्बर के निवासियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।



अभिषेक बनर्जी ने अमतला कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के नेता, कार्यकर्ता, विधायक, पंचायत और नगर निगम के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। शुभकामना आदान-प्रदान के बाद उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा और अभी से चुनाव की तैयारी शुरू करनी होगी। कार्यकर्ताओं से आंतरिक मतभेद भूलकर एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची की तैयारी में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने की सख्त हिदायत दी।

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि क्षेत्र में अधूरे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा और जनता की सुविधा के लिए नई परियोजनाओं की सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आम लोगों तक सरकार की विकास योजनाएं और सामाजिक सेवाएं पहुँचाना ही तृणमूल का असली उद्देश्य है।

इस कार्यक्रम से यह स्पष्ट संकेत मिला कि पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मैदान-स्तर की तैयारियाँ तेज़ कर दी हैं, और अभिषेक बनर्जी खुद उसकी कमान संभाले हुए हैं।

## राज्य में प्याज किसानों के लिए 775 नए भंडारण घरों का निर्माण, मिलेगा सरकारी अनुदान

### बंगाल सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने प्याज किसानों के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब राज्य में 775 प्याज भंडारण घर (प्याज गोला) बनाए जाएंगे, जिससे किसानों को प्याज तुरंत बेचने की मजबूरी से निजात मिलेगी और पूरे वर्ष प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके लिए राज्य सरकार सरकारी अनुदान भी देगी। कृषि विपणन मंत्री ने बेचाराम मान्ना ने सोमवार जानकारी दी कि प्याज गोला बनाने के लिए हुगली में ऑनलाइन आवेदन में 352 किसानों ने भाग लिया, जिसमें लॉटरी के माध्यम से 175 किसानों का चयन किया गया। प्रत्येक किसान को 1.25 लाख रुपये का



सरकारी अनुदान मिलेगा। मंत्री ने कहा कि इस पहल से महाराष्ट्र और नासिक पर हमारी निर्भरता कम होगी। असमय प्याज के दाम अचानक बढ़ने की समस्या खत्म होगी। इससे किसान उत्साहित होंगे और उन्हें उचित मूल्य मिलेगा। हम सरकार की तरफ से किसानों को हर प्रकार का सहयोग दे रहे हैं। प्याज गोला बनाने के लिए हुगली जिले में 175 गोले बनाए जाएंगे। राज्य के 10 प्रमुख प्याज उत्पादक जिलों में शेष 600 गोले तैयार किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्याज को आलू की तरह भंडारण में रखा जा सके, यह लंबे समय से विचार का विषय रहा है। पहले हुगली के बलगड़ इलाके में सुखसागर प्रजाति के प्याज के भंडारण का परीक्षण किया गया था, लेकिन वह पूरी तरह प्रभावी नहीं हुआ। अब राज्य कृषि विपणन विभाग की पहल से यह योजना लागू की जा रही है। इस योजना से न केवल किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी उचित और स्थिर कीमत पर प्याज उपलब्ध होगा।

## बारानगर में स्वर्ण व्यापारी की हत्या के मामले में एक और गिरफ्तार

❑ **गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर 8 हुई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारानगर में सोने की दुकान में लूट और हत्या के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को बैरकपुर कमिश्नरेट के जासूसों ने उसे बिहार के नवादा से गिरफ्तार किया। परिणामस्वरूप, मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर 8 हो गई है। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है और बाकी लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सौरभ दास उर्फसूरो है। कोलकाता के मोचीपाड़ा का निवासी है। उसे सोमवार को ट्रांजिट रिमांड पर बैरकपुर लाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शंभूनाथ दास लेन के व्यवसायी शंकर जाना (60) की हत्या और सोने की दुकान में लूटपाट में सूरो ने दूसरे राज्यों के बदमाशों के लिए गाइड का काम किया था। उस पर भागने के रास्ते की रेकी करने का भी आरोप है। पुलिस ने कहा कि सूरो पहले एक अन्य गिरफ्तार व्यक्ति सुरजीत सिकदर के साथ सोने की दुकान में घुसा था। उल्लेखनीय है कि गत 4 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे मालिक शंकर जाना बारानगर के शंभूनाथ दास लेन स्थित अपनी दुकान में थे। अचानक, ग्राहक के वेश में छह लोग दुकान में घुस आए। कथित तौर पर, उन्होंने गहने देखने के बाद लूटपाट शुरू कर दी। शंकर ने जब उन्हें यह एहसास हुआ तो उन्होंने उन्हें रोका। बताया जा रहा है कि वे गुस्से में आकर दुकान मालिक पर हमला कर दिया। लुटेरों ने शंकर के सिर के पिछले हिस्से पर किसी भारी चीज से वार किया। वह बेहोश हो गए। व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई।

## बैंडेल ईएसआई अस्पताल में पानी की किल्लत, पंप खराब होने से जल आपूर्ति ठप

हुगली, समाज्ञा

बैंडेल ईएसआई अस्पताल में पिछले 24 घंटे से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। अस्पताल के दोनों जल पंप खराब हो जाने के कारण ओवरहेड टैंक में पानी नहीं चढ़ पाया, जिससे अस्पताल के सभी वार्डों में जल संकट उत्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में दो पंप लगे हुए हैं, लेकिन रविवार की सुबह से ही दोनों पंप अचानक बंद पड़ गए। नतीजतन, अस्पताल के मरीजों और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालयों में पानी न होने से सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। पेयजल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए अस्पताल प्रशासन ने चूचूड़ा नगरपालिका से एक जल टैंकर मंगवाया और 20 लीटर के जार खरीदकर मरीजों को उपलब्ध कराए। हालांकि, रात तक शौचालयों में पानी की सुविधा बहाल नहीं हो सकी।

अस्पताल के सुपर और वार्ड मास्टर ने इस विषय पर कुछ भी कहने से इनकार किया, लेकिन अस्पताल सूत्रों से पता चला कि रात में पंप मरम्मत करने वाले मैकेनिकों को बुलाया गया था। सोमवार की सुबह भी मरम्मत का काम जारी रहा। ओवरहेड टैंक में पानी नहीं चढ़ पाने के कारण फिलहाल एक वैकल्पिक पाइपलाइन से वार्डों तक पानी पहुंचाने की अस्थायी व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पंप पूरी तरह दुरुस्त होने के बाद ही जल आपूर्ति सामान्य हो सकेगी।

## काली पूजा-दीवाली को लेकर कल कोलकाता के सीपी करेंगे बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा और दिवाली के दौरान कानून-व्यवस्था और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोलकाता पुलिस इस साल विशेष तैयारी कर रही है। कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा 15 अक्टूबर को शाम 4 बजे से अलीपुर स्थित धनधान्य ऑडिटोरियम में शहर की सभी काली पूजा उत्सव समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, बैठक का मुख्य उद्देश्य उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार माइक्रोफोन बजाने की समय सीमा को विनियमित करना, शहर में ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाना, प्रदूषण को रोकना और मूर्ति विसर्जन से संबंधित नियमों के



बारे में पूजा समितियों को निर्देश देना है। पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कोलकाता के सभी थानों के ओसी और बरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। आयुक्त स्वयं पूरे मामले की निगरानी करेंगे। बताया जा रहा है कि त्योहार को सुचारू रूप से मनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनाती, ड्रोन के माध्यम से निगरानी और मोबाइल गश्ती चैन की संख्या बढ़ाई जाएगी। कोलकाता पुलिस ने बताया है कि इस वर्ष ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। लालबाजार में ध्वनि प्रदूषण और अव्यवस्था से बचने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। बैठक में कोलकाता की प्रतिष्ठित काली पूजा समितियों के दो-दो प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, कोलकाता नगर निगम, सीईएससी, अग्निशमन विभाग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शहर के हर थाने को इलाके में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए सक्रिय निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।

## फर्जी बैंक प्रतिनिधि बनकर बुजुर्ग से 1.30 लाख की ठगी, छह आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की कोसिपोर थाने की टीम ने एक साइबर ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। कोसिपोर थाना कांड संख्या 125 दिनांक 07.10.2025 के तहत दर्ज इस मामले में पुलिस ने अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का प्रतिनिधि बताकर एक बुजुर्ग व्यक्ति से 1,30,999 की ठगी की थी।

शिकायतकर्ता दिलीप कुमार सिंह (60), निवासी गन एंड शेल फैक्ट्री, कोसिपोर, ने पुलिस को बताया कि 22 से 24 सितंबर 2025 के बीच जब वह योनो ऐप डाउनलोड नहीं कर पा रहे थे,



तभी अज्ञात लोगों ने फोन कर खुद को बैंक प्रतिनिधि बताया। उन्होंने एक लिंक भेजकर उसे डाउनलोड करने को कहा। लिंक डाउनलोड करने के बाद शिकायतकर्ता के खाते से 1,30,999 गायब हो गए।

जांच के दौरान पुलिस ने 10 अक्टूबर को दो आरोपियों - सोनी मन्ना (20) और आयुष मिद्या (20), दोनों निवासी बेहाला, को गिरफ्तार किया। दोनों को पुलिस रिमांड पर 15 अक्टूबर तक भेजा गया है। उनकी पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आगे चार और आरोपियों - बबाई सिल (24) (हरीदेवपुर), पलाब शेख (23) (रेजेंट पार्क), राहुल गुप्ता (24) (हरीदेवपुर) और अमित कर्मकार (23) (रेजेंट पार्क) - को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। इन चारों को 18 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में रखा गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी में सक्रिय था और भोले-भाले लोगों को फर्जी लिंक भेजकर उनके खातों से पैसे निकालता था। पुलिस ने इनके मोबाइल, सिम कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है।

## भाजपा ने ममता बनर्जी पर 'पीड़िता को शर्मसार' करने का आरोप लगाया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मेडिकल छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद छात्रा ओं को रात में बाहर न निकलने की सलाह देने के लिए सोमवार को हमला बोला। भाजपा ने उन पर पीड़िता को शर्मसार करने का आरोप लगाया और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की। मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए, भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। लेकिन जब एक महिला मुख्यमंत्री, ममता बनर्जी असंवेदनशील तरीके से पीड़िता को शर्मसार करने और दुष्कर्म पीड़िता को ही दोषी ठहराने में लिप्त होती हैं, तो यह पूरे




समाज के लिए दर्दनाक और शर्मनाक हो जाता है। स्वराज ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप (ममता बनर्जी) 'मां, माटी और मानुष' का नारा बुलंद करती हैं। आपकी असंवेदनशीलता, कुशासन और रूढिवादी मानसिकता के कारण मां शिर्मदा है, माटी खून से लथपथ है और मानुष बदहाल है। भाजपा नेता ने बनर्जी से इस घटना को जायज़ ठहराना बंद करने को कहा। उन्होंने मांग की कि पीड़िता को न्याय दिलाएं। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब बनर्जी ने दुष्कर्म को जायज ठहराने की कोशिश की है। राज्य में पिछले दिनों हुई दुष्कर्म की घटनाओं के बाद बनर्जी द्वारा की गई टिप्पणी का हवाला देते हुए स्वराज ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस रूढिवादी सोच का पर्याय बन गई है। भाजपा नेता ने कहा कि 2012 में पार्क स्ट्रीट दुष्कर्म मामले के बाद, ममता बनर्जी ने पीड़िता को दोषी ठहराया और इसे एक मनगढ़ंत घटना बताया, जिसका अर्थ था कि पीड़िता ने घटना को गढ़ा था। 2022 में हांसखली में 14 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में, उन्होंने कहा कि यह एक प्रेम प्रसंग था जो गलत हो गया, जिससे मामले का महत्व कम हो गया।

## मंत्रास फाउंडेशन के 'परिबेश बंधु' अभियान ने बंगाल में हरित दुर्गा पूजा को दिया बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मंत्रास फाउंडेशन ने एमएसएमई एंड स्टार्टअप्स एक्सेलेरेटर फोरम (मासा) और कोलकाता होलसेल बर्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडबल्यूबीटीए) के सहयोग से परिबेश बंधु अभियान एवं पुरस्कार समारोह का सफल आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में पर्यावरण के अनुकूल दुर्गा पूजा समारोहों को बढ़ावा देना और सतत् उत्सव की अवधारणा को प्रोत्साहित करना था। अभियान के तहत मेदिनीपुर, खड़गपुर, मालदह, कृष्णनगर, नदिया, कूचबिहार और बांकुड़ा सहित कई जिलों की पूजा समितियों ने भाग लिया।

परिबेश बंधु पहल ने पूजा आयोजकों को जैव-अवक्रमणीय सामग्री, पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियों और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन जैसी हरित प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाली समितियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम मंत्रास फाउंडेशन, मासा और सीडबल्यूबीटीए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। आयोजन का नेतृत्व सुशील पोद्दार (अध्यक्ष, मासा एवं सीडबल्यूबीटीए), विभोर तंडन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मंत्रास फाउंडेशन), प्रज्ञा झुनझुनवाला (राष्ट्रीय सचिव, मंत्रास फाउंडेशन), प्रदीप लुहारीवाला (उपाध्यक्ष, सीडबल्यूबीटीए) और सी.के. वर्दराजन (उपाध्यक्ष, मासा) ने किया। निर्णायक मंडल में इरा साहा (कार्यकारी निदेशक, मासा) और अतुल सिंह (कार्यकारी निदेशक, मंत्रास फाउंडेशन) शामिल थे।

अभियान को सुपरट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा संचालित किया गया, जबकि सेनको और मुमुसो सह-प्रायोजक रहे। इस पहल को नदिया जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, ग्रेटर कोलकाता कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन, वेस्ट बंगाल पैडी मर्चेंट एसोसिएशन, कॉन्फेडरेशन ऑफ पुरबो एवं पश्चिम मेदिनीपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स, सिमलपाल डिस्ट्रीब्यूटर्स वेलफेयर एसोसिएशन और पश्चिम बंगा मिष्ठान व्यवसायी समिति का सहयोग मिला।

मंत्रास फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने कहा कि हम सामुदायिक प्रयासों की शक्ति में विश्वास करते हैं। 'परिबेश बंधु' अभियान यह दर्शाता है कि सामूहिक प्रयासों से त्योहारों को अधिक हरित और सतत् बनाया जा सकता है। हम सभी भाग लेने वाली समितियों के आभारी हैं और इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगे।

## अमिय नंदन सिन्हा को 2025 के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे, कोलकाता के इंस्पेक्टर जनरल-कम-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, अमिय नंदन सिन्हा को 2025 के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक फॉर डिस्टिंग्विशड सर्विस से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार रेल सुरक्षा बल के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा आरपीएफ़ जोनल ट्रेनिंग सेंटर, वालसाड, गुजरात में प्रदान किया गया। सिन्हा ने 1989 में यूपीएससी चयन के माध्यम से आरपीएफ में सेवा शुरू की और तीन दशकों में असम, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के विभिन्न रेल डिवीज़न/ज़ोन में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने आरपीएफ में उच्च व्यावसायिकता लाने, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और सुरक्षा दृष्टिकोण को मजबूत करने हेतु कई नवाचारी पहल की हैं। विशेष रूप से, उन्होंने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2024 का सफल और सुचारू संचालन किया। इसके पूर्व, सिकंदराबाद में आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर में सुधार हेतु उनकी पहलों को 2009 में राष्ट्रीय उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ और असम के एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों में रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।



अत्यंत साहसिक और उत्कृष्ट सेवा के लिए श्री अमिय नंदन सिन्हा को राष्ट्रपति पुलिस पदक 2025 प्रदान किया गया, जो उनकी समर्पित और प्रभावशाली सेवा का प्रतीक है।

## न्यूज ब्रीफ

### हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा ने ब्रांड एंबेसडर कार्तिक आर्यन के साथ जश्न मनाया

**कोलकाता :** हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा ने पब्लिसिस ग्रुप इंडिया की टीम स्पिरिट के साथ मिलकर अपना नया कैंपेन 'यारों वाली बात 2.0' लॉन्च किया है। यह अभियान ब्रांड की उस मूल भावना का विस्तार है, जो यारी और दोस्ती के जश्न को केंद्र में रखती है। कैंपेन का विषय है – 'करो कुछ पहली बार जब साथ हों यार', जो दोस्तों के साथ साझा किए गए उन खास 'पहली बार' वाले पलों को दर्शाता है, जो यादों में बदल जाते हैं, कहानियों में दोहराए जाते हैं और दोस्ती को और गहराई देते हैं। डियाजियो इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट एवं पोर्टफोलियो हेड – मार्केटिंग, वरुण कूरिच ने कहा, दोस्ती हमेशा से हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा की आत्मा रही है, और 'यारों वाली बात 2.0' के साथ हम इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। साची एंड साची इंडिया के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, कार्तिक स्मेटासेक ने कहा, हमें मैकडॉवेल्स की 'यारी' को नई पीढ़ी के लिए फिर से पेश करने का अवसर मिला। हमने इस विचार से शुरुआत की कि हमारे कई 'पहली बार' के अनुभव दोस्तों के साथ होते हैं।

### बांकुड़ा में नहर से बरामद हुआ युवक का शव

**बांकुड़ा :** जिले के कोतुलपुर थाना अंतर्गत खीरी गांव के रामचक मोड़ इलाके में सोमवार की सुबह एक नहर के से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान भोला चक्रवर्ती के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक का शव एक मोटरसाइकिल के ऊपर पड़ा हुआ था। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए बिष्णुपुर जिला अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सुबह में खीरी गांव के कुछ लोग जब मॉर्निंग वॉक पर निकले, तो उन्होंने रामचक इलाके की नहर में एक युवक को बाइक के साथ मुंह के बल गिरा हुआ देखा। तुरंत इसकी सूचना कोतुलपुर थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच में पता चला है कि मृतक भोला चक्रवर्ती मधुबन गांव का निवासी था। रविवार की रात वह बाइक से मधुबन से कोतुलपुर की ओर जा रहा था। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि उसी दौरान हादसा हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत, दो घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक ईंट भट्ठा मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रविवार की देर रात दौलताबाद के छैघरी इलाके में स्थित पितृस्मृति पार्क के पास बहरमपुर-जालंगी राज्य सड़क पर हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान प्रसेनजित साहा के रूप में हुई है, जो छैघरी के पीरतला गांव के निवासी थे। घटना के समय प्रसेनजित अपने दो सहकर्मियों के साथ साइकिल से घर लौट रहे थे। तभी, इस्लामपुर की दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में प्रसेनजित साहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपित चालक घटना के बाद कार छोड़कर फरार हो गया।

### पश्चिम मेदिनीपुर में सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दासपुर थाना अंतर्गत किस्मत खानजापुर में सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वप्न सामंतो (62) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्वप्न सामंतो साइकिल से किस्मत खानजापुर की ओर से घटाल की दिशा में जा रहे थे। उसी दिशा से एक तेज रफ्तार लॉरी भी आ रही थी। बताया जा रहा है कि लॉरी ने ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे साइकिल चालक सड़क पर गिर पड़े। गिरते समय साइकिल के पीछे बंधे फावड़े (कुदाल) की लंबी मूठ उनके शरीर में जा लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वप्न सामंतो मिट्टी काटने का काम करते थे। घटना के बाद स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायल स्वप्न सामंतो को तुरंत घटाल महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज अपडेट

### हावड़ा में पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट में मजदूर की मौत, मकान मालिक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के चटर्जीहाट थाना अंतर्गत रामराजातला इलाके में पटाखा बनाने के दौरान हुए विस्फोट में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश हेला (32) के रूप में की गई है। घटना के समय वह रामराजातला स्थित एक घर में पटाखे तैयार कर रहा था, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आकाश हेला को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। हालांकि, रविवार की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा रामराजातला के अंबिका कुंडू लेन में स्थित केबल व्यापारी प्रदीप लाहिड़ी के घर में हुआ था। बताया जा रहा है कि काली पूजा के अवसर पर पटाखे बनाने का काम चल रहा था, तभी शनिवार की शाम अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट के तुरंत बाद घर मालिक प्रदीप लाहिड़ी फरार हो गया था। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर रविवार की रात उसे गिरफ्तार कर लिया। चटर्जीहाट थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घर में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विस्फोट में इस्तेमाल किए गए रसायन कहां से लाए गए थे।

### श्रीरामपुर में लेप्टोस्पायरोसिस से बढ़ी चिंता

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में इस बार रिकॉर्ड बारिश और जलजमाव के बावजूद डेंगू व मलेरिया काफी हद तक नियंत्रण में रहे। लेकिन, गंदे जमा पानी से फैलने वाली बीमारी लेप्टोस्पायरोसिस अब नई चिंता का कारण बन गई है। रिसड़ा पार्क मेडिकल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर पीके अग्रवाल के अनुसार, यह रोग लेप्टोस्पायरा नामक बैक्टीरिया से फैलता है, जो मुख्य रूप से चूहे, छुछुंदर, नेवले जैसी जीवों के मूत्र या मल के माध्यम से संक्रमित होता है। लगातार हुई बारिश और सड़कों पर जमा गंदे पानी में इन जीवों के मल-मूत्र मिलने से संक्रमण फैल सकता है। गंदे पानी से बचाव बेहद जरुरी है। साथ में संक्रमण के लक्षण पाए जाने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श करे। लेप्टोस्पायरा बैक्टीरिया किडनी और लिवर को तेजी से नुकसान पहुंचाता है। इसलिए समय रहते अस्पताल में भर्ती होकर उपचार शुरू करना बेहद जरूरी है। मिली जानकारी के अनुसार, श्रीरामपुर में अब तक दो लोग इस बीमारी से संक्रमित होकर श्रीरामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें एक महिला भी शामिल हैं। डॉक्टरों का कहना है कि पहले यह बीमारी इस क्षेत्र में नहीं देखी गई, लेकिन दो महीने से अधिक लगातार बारिश और दूषित जल के कारण अब इसका प्रकोप बढ़ा है।

### तेलकल और रामकृष्णपुर घाट की होगी मरम्मत

**हावड़ा, समाज्ञा :** मध्य हावड़ा अंतर्गत दो बड़े घाटों में तेलकल और रामकृष्णपुर घाट पर छठ पूजा में व्रतियों और उनके परिजनों की भारी भीड़ उमड़ती है। इन दोनों घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मध्य हावड़ा विधानसभा अंतर्गत ये दोनों घाट सबसे बड़े घाटो में से हैं। दोनों घाटों पर काफी जगह होने पर श्रद्धालु यहां पर आना पसंद करते हैं, लेकिन दोनों घाटों की स्थिति ठीक नहीं है। बताया जा रहा है कि दिवाली के पहले ही दोनों घाटों का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जायेगा। जानकारी के अनुसार, रामकृष्णपुर घाट की सीढ़ियां टूट चुकी हैं। घाट का निचला हिस्सा भी कई जगहों पर टूटा हुआ है। यही हाल तेलफल घाट का है। तेलकल घाट की सबसे बड़ी समस्या जगह की कमी है। श्रद्धालुओं की भीड़ की तुलना में इस घाट पर जगह कम है। घाट पर जगह बढ़ाने के लिए बातचीत की जा रही है।

### लिलुआ में इलाका दखल को लेकर दो गुटों में मारपीट

**हावड़ा, समाज्ञा :** लिलुआ थाना अंतर्गत दक्षिण चक पाड़ा इलाके में रविवार की रात को इलाका दखल को लेकर तृणमूल के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होने की खबर है। इस मारपीट में दोनों पक्षा के कार्यकर्ता घायल हुए हैं। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से पुलिस ने चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण चक पाड़ा इलाके में स्थित तृणमूल समर्थित तरुण दल क्लब के सदस्य बैठे हुए थे। आरोप है कि इसी समय तृणमूल कांग्रेस के 10 से 12 कार्यकर्ता लाठी और डंडा लेकर क्लब के अंदर पहुंचे और तोड़फोड़ करते हुए क्लब के सदस्यों पर हमला बोल दिया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि बिरोध करने पहुंचों महिलाओं के साथ भी मारपीट की गयी। मारपीट का कारण इलाका दखल बताया जा रहा है।

### टिंडर ने बॉट्स से लड़ने और प्रमाणिकता को बढ़ावा देने के लिए भारत में नया सेफ्टी फीचर लॉन्च किया

**कोलकाता :** टिंडर ने भारत में फेस चेक' को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह इंडस्ट्री में पेश किया गया पहला सॉल्यूशन है जो फर्जी प्रोफाइल को खत्म करने और विश्वास बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन दिनों स्कैमर्स को पहचानना मुश्किल होता जा रहा है, ऐसे में टिंडर का फेस चेक' बॉट्स और स्कैमर्स को हटाने और भारत में असली कनेक्शन सुनिश्चित करने में मदद करता है। मैच ग्रुप के ट्रस्ट एंड सेफ्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट योएल रॉथ ने कहा, फेस चेक' भारत में उस समय आ रहा है जब ऑनलाइन प्रामाणिकता कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही।

## बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए सोमवार से 122 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चुनाव आयोग द्वारा इन सीटों पर 11 नवंबर को मतदान के लिए अधिसूचना जारी किए जाने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि इन सीटों के लिए उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तय की गई है। पहले चरण की 121 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हुई थी। इन सीटों पर मतदान 6 नवंबर को होगा। अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण के उम्मीदवार 17 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर लगने से नौ वर्षीय बच्चे की मौत, तीन अन्य लोग घायल

**बरेली:** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सोमवार सुबह मनौना धाम से दर्शन कर लौट रहे आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं की कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे नौ वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आंध्र प्रदेश के कडपा जिला निवासी जगदीश अपने परिजनों के साथ मनौना धाम श्री खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए आंवला (बरेली) आए थे। पुलिस ने बताया कि दर्शन के बाद सभी लोग कार से घर लौट रहे थे कि तभी आंवला के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार की टक्कर मार दी।

## बिहार की 153 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी

**बलिया (उप्र):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग द्वारा एक भी सीट नहीं दिए जाने के बाद 153 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश की सरकार में भी शामिल सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर ने सोमवार को कहा कि भाजपानीत राजग ने उनकी पार्टी को बिहार विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं दी है, लिहाजा उनकी पार्टी बिहार में 153 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

# डबल इंजन सरकार में युवा शक्ति बन रही है राष्ट्र शक्ति : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि 'डबल इंजन' सरकार (केन्द्र और राज्य) में युवा शक्ति 'राष्ट्र शक्ति' बन रही है। मुख्यमंत्री योगी, युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री के वितरण के लिए लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'डबल इंजन' सरकार में युवा शक्ति 'राष्ट्र शक्ति' बन रही है। योगी ने कहा कि राज्य भर में 1.05 लाख से ज्यादा युवक व महिला मंगल दल सक्रिय हैं और उन्हें जमीनी स्तर पर खेलों व सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन रैकेट और अन्य उपकरणों



से युक्त खेल किट प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा, खेल व्यक्तियों को स्वस्थ रखते हैं और टीम वर्क की भावना को मजबूत करते हैं। गांव में शुरू होने वाली प्रतियोगिता विधायक और सांसद स्तर के खेल टूर्नामेंट में विकसित हो सकती हैं। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजनों की शुरुआत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज में प्रगति की कुंजी है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर जारी विधायक खेल महोत्सव हजारों युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान कर रहा है। योगी ने युवक और महिला मंगल दलों से खेलों से आगे बढ़कर गांवों में सामाजिक, सांस्कृतिक और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, जैसे हम खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं, वैसे ही लोकगीतों और प्रदर्शनों के माध्यम से हमारी पुश्तैनी परंपराओं को पुनर्जीवित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने 'मिशन शक्ति' के जारी पांचवें चरण में महिला मंगल दलों की भूमिका पर भी जोर दिया और उनसे ग्राम स्तर पर महिला कल्याण योजनाओं व सशक्तिकरण के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

## बुर्का पहनी महिला मतदाताओं की पहचान संबंधी निर्देश को वापस ले निर्वाचन आयोग: सपा

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से बुर्का पहनी महिला मतदाताओं की पहचान करने और उन्हें मतदान की अनुमति देने से पहले सत्यापन करने संबंधी निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सोमवार को आपत्ति जताई और कहा कि यह कदम पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है। सपा ने आयोग से इस कदम को वापस लेने की मांग की। सपा ने एक बयान जारी कर कहा कि बुर्का पहनी महिला मतदाताओं की पहचान आंगनवाड़ी सेविकाओं से कराये जाने और जांच के बाद ही उन्हें मतदान करने सम्बन्धित निर्वाचन आयोग के नये निर्देश वापस लिए जायें ताकि देश में पारदर्शी, स्वतंत्र, भयमुक्त निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को बिहार विधानसभा चुनाव में इस निर्देश को सख्ती से लागू करने और आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भी इन नियमों को लागू करने को कहा है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार चुनाव : भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस, राजद के बागी विधायक




**पटना:** बिहार में सोमवार को महागठबंधन के दो बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के टिकट पर जीता था, लेकिन 2024 में जद(यू) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के बाद से वे दोनों विधानसभा में राजग विधायकों के साथ बैठते रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मोहनिया सीट से राजद उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल करने वाली संगीता कुमारी और बिक्रम से दो बार के कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरव का पार्टी में स्वागत किया। जायसवाल ने कहा, मैंने हाल में कहा था कि महागठबंधन के करीब आधा दर्जन विधायक भाजपा में शामिल होने वाले हैं। आज इसकी पहली किस्त पूरी हुई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में भाजपा के साथ मिलकर नयी सरकार बनाने और विश्वास मत हासिल करने के बाद राजद के चार और कांग्रेस के दो विधायकों ने राजग का दामन थाम लिया था। इन विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिकाएं अब भी विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के समक्ष लंबित हैं। भाजपा ने इस मौके पर पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू को भी दोबारा पार्टी में शामिल किया। पिंटू 2019 में जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए थे। पिंटू, जो पहले सीतामढ़ी से विधायक रह चुके हैं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नीत जद(यू) से नाराज थे क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी जगह देवेश चंद्र ठाकुर को टिकट दिया गया था। इसके अलावा, भाजपा में सुजीत कुमार सिंह भी शामिल हुए, जो गौरा बौराम की विधायक स्वर्णा सिंह के पति हैं। सुजीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुके हैं।

### जन सुराज पार्टी ने बिहार की 65 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**पटना:** प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 65 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची सोमवार को जारी की। हालांकि, सूची में किशोर का नाम नहीं है। किशोर के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ राघोपुर सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशोर ने कहा कि इसके साथ ही पार्टी ने कुल 116 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। उन्होंने कहा, पहली सूची में हमने 51 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी और दूसरी सूची में हमने 65 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। शेष सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा बाद में की जाएगी। किशोर ने बताया कि अब तक घोषित उम्मीदवारों में 31 अत्यंत कमजोर वर्ग से, 21 अन्य पिछड़ा वर्ग से तथा 21 मुस्लिम हैं। पार्टी ने हरनौत से कमलेश पासवान को मैदान में उतारा है। यह सीट लंबे समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गढ़ मानी जाती है, हालांकि उन्होंने तीन दशक से वहां विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है।

### बिहार में नकदी, शराब की अवैध आवाजाही रोकने के लिए झारखंड ने 43 सीमा चौकियां शुरू कीं

**रांची** : पड़ोसी राज्य बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच, झारखंड ने नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की अवैध आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए अपने 10 सीमावर्ती जिलों में 43 जांच चौकियों का संचालन शुरू कर दिया है, जिनमें नौ नयी चौकियां भी शामिल हैं। यह कदम बिहार के औपचारिक अनुरोध के जवाब में उठाया गया है। बिहार में अगले महीने दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक, अभियान (आईजी अभियान) माइकल राज ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सीमावर्ती जिलों में रणनीतिक स्थानों पर जांच चौकियां स्थापित करने के बिहार के अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए पड़ोसी राज्य के साथ सीमा साझा करने वाले 10 जिलों में कुल 43 जांच चौकियां चालू की गयी हैं। यह चौकियां 24 घंटे काम करेंगी। राज ने कहा, हमने मौजूदा 34 के अलावा नौ नयी जांच चौकी स्थापित की हैं। वर्तमान में, बिहार की सीमा से लगे सभी 10 जिलों में 43 सक्रिय जांच चौकियां हैं।

## तेज प्रताप महुआ से लड़ेंगे बिहार चुनाव, उनकी पार्टी ने 21 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव आगामी बिहार विधानसभा चुनाव महुआ सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनकी नवगठित पार्टी जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) ने सोमवार को 21 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। राज्य के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मई माह में अपने पिता द्वारा राजद से निष्कासित किए जाने के बाद यह नई पार्टी बनाई है। जेजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव ने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव वैशाली जिले की महुआ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। तेज प्रताप इससे पहले 2015 में महुआ से विधायक चुने गए थे, लेकिन 2020 के चुनाव में राजद ने उन्हें हसनपुर सीट से उम्मीदवार बनाया था। जेजेडी ने जिन अन्य उम्मीदवारों



के नाम घोषित किए हैं, उनमें मधेपुरा से संजय यादव, नरकटियागंज से तौरीफ रहमान, बरौली से धर्मेंद्र और कुचायकोट से ब्रज बिहारी भगत शामिल हैं। तेज प्रताप यादव को छह साल के लिए राजद से निष्कासित कर दिया गया था। यह कार्रवाई उस समय हुई थी जब उन्होंने सोशल मीडिया पर अनुष्का नाम की एक महिला से संबंध होने की बात स्वीकार की थी। हालांकि बाद में उन्होंने पोस्ट हटाते हुए दावा किया कि उनका अकाउंट हैक कर लिया गया था।

## बिहार में 'यूपी मॉडल' दोहराने की तैयारी, भाजपा ने पड़ोसी राज्य के नेताओं को दी बड़ी जिम्मेदारी

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान को धार देने के लिए उत्तर प्रदेश से संगठनात्मक रूप से मजबूत नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस कदम को पार्टी के उस प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जिसके तहत वह अपनी चुनावी संभावनाओं को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह उस 'उत्तर प्रदेश मॉडल' को दोहराने की तैयारी है, जिसके अंतर्गत बूथ प्रबंधन, जातिगत समीकरणों के संतुलन और सूक्ष्म स्तर पर चुनावी रणनीति तैयार की जाती है तथा इसका लक्ष्य गैर-यादव पिछड़ी जातियों में अपनी पकड़ मजबूत करना और राजद के यादव-आधारित सामाजिक समीकरण को जमीनी स्तर पर चुनौती देना है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार चुनाव का सह-प्रभारी बनाया गया है, जबकि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को आरा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# नए आपराधिक न्याय कानून लागू करना 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार: अमित शाह

**■ शाह ने 9,300 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया**

**जयपुर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार बताते हुए सोमवार को कहा कि इससे लोगों को समय पर, सुलभ तरीके से और सरलता से न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि तीन नए कानून लागू होने के बाद राजस्थान में सजा दिलाने की दर 42 फीसदी से बढ़कर 60 फीसदी हो गई है और इनके पूरी तरह से लागू होने के बाद यह दर 90 फीसदी तक पहुंच जाएगी। शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों पर राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में शाह ने कहा कि



तीन नए कानूनों के संपूर्ण कार्यान्वयन के बाद देश की आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली बन जाएगी। शाह ने कहा, 'मैं विश्वास के साथ कह रहा हूं कि इक्कीसवीं शताब्दी का सबसे बड़ा 'रिफॉर्म' हमारे तीन आपराधिक न्याय कानूनों को आगे लागू करना है। इसके संपूर्ण क्रियान्वयन के बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली बन जाएगी, इसका मुझे पूरा विश्वास है।'' पुरानी व्यवस्था के तहत न्याय में होने वाली देरी पर शाह ने कहा कि कुछ मामले बिना सजा के 25 से 30-30 साल तक चलते रहते थे। उन्होंने कहा, ''लोगों को समय पर न्याय नहीं मिलता था। अब इससे मुक्ति मिल जाएगी।'

# गोरखपुर में तानों से खफा पोती ने की दादी की हत्या, मां-बेटी गिरफ्तार

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में अपनी ही दादी की कथित तौर पर हत्या करने के लिए पोती और उसकी मां को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पीपीगंज थानाक्षेत्र के बुइधरपुर गांव में 26 सितंबर को 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की उसकी पोती खुशी कुमारी (20) ने ही कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि दादी के तानों से क्षुब्ध होकर लड़की ने इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, लड़की की मां उत्तरा देवी (45) ने शव को एक बोरे में कथित तौर पर भरकर साइकिल से गांव के बाहर ठिकाने लगाने में मदद की थी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने संवाददाताओं को बताया, शव मिलने के बाद पीपीगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान, परिवार के सदस्यों पर संदेह हुआ, जिन्होंने बाद में अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि उत्तरा देवी की पहली शादी पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुई थी और खुशी पहले पति से हुई उसकी बेटी है। पुलिस के मुताबिक, लड़की की दादी मां-बेटी को उनके बंगाली मूल के लिए उन्हें कथित तौर पर ताना मारती थी, उनके साथ बुरा व्यवहार करती थीं और उन्हें 'बंगाली' कहती थीं।

समीक्षा
# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

14.10.2025 : राधाष्टमी व्रत

18.10.2025 : धनतेरस

19.10.2025 : मास शिवरात्रि व्रत

20.10.2025 : दीपावली

## धनतेरस पर कर लिए ये पांच उपाय

धार्मिक मान्यता है कि इस दिन कुछ विशेष उपाय करने से कई तरह के लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि साल भर आपको धन से जुड़ी समस्याओं का सामना न करना पड़े और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहे हैं, तो आप धनतेरस के दिन कुछ अचूक उपाय कर सकते हैं। आइए जानते हैं धनतेरस पर धन लाभ के लिए किए जाने वाले खास उपाय...

**कुबेर और लक्ष्मी पूजन**

धनतेरस के दिन सूर्यास्त के बाद 13 दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके बाद कुबेर देव और तिजोरी की विधिवत पूजा करें। पूजा के समय चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य, फल और फूल अर्पित करें। इसके बाद यह मंत्र श्रद्धा से उच्चारण करें-

**'यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन-धान्य अधिपतये**

**धन-धान्य समृद्धि मे देहि दापय दापय स्वाहा।'**

इस मंत्र के जप से धन की वृद्धि होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**लौंग का जोड़ा अर्पित करें**

धनतेरस से लेकर दीपावली तक प्रतिदिन मां लक्ष्मी की पूजा करना अत्यंत शुभ माना गया है। पूजा के दौरान देवी को एक जोड़ा लौंग अर्पित करें। मान्यता है कि ऐसा करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है।

**तिजोरी में मां लक्ष्मी की तस्वीर रखें**

धनतेरस के दिन तिजोरी या गल्ले पर मां लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगानी चाहिए जिसमें वे कमल पर विराजमान होकर धन की वर्षा कर रही हों। ऐसी छवि को बहुत शुभ माना गया है। माना जाता है कि तिजोरी में इस तस्वीर को रखने से घर में समृद्धि और स्थायी सुख का वास होता है।

**मुख्य द्वार पर बनाएं शुभ प्रतीक**

धनतेरस के दिन हल्दी और चावल को पीसकर एक पेस्ट तैयार करें और उससे घर के मुख्य द्वार पर 'ॐ' का चिन्ह बनाएं। यह प्रतीक मां लक्ष्मी के स्वागत का संकेत है। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और समृद्धि का आगमन होता है।

**शंख से करें शुद्धिकरण**

यदि लंबे समय से कार्यों में बाधाएं आ रही हैं या धन प्राप्ति में अड़चनें उत्पन्न हो रही हैं, तो धनतेरस के दिन विशेष उपाय करें। इस दिन चीनी, बताशा, खीर और चावल का दान करें। पूजा से पहले और बाद में दक्षिणावर्ती शंख में स्वच्छ जल भरकर घर के चारों ओर छिड़काव करें। यह प्रक्रिया नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर में मां लक्ष्मी के आगमन का मार्ग प्रशस्त करती है।

## कार्तिक मास में क्यों विशेष है दामोदर पूजा, जानिए भगवान श्रीकृष्ण और मां यशोदा से जुड़ी कथा

धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी महीना कहा गया है। यह महीना भगवान श्रीहरि विष्णु को विशेष रूप से प्रिय है। इसी मास में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बाललीलाओं से भक्तों को भक्तिभाव और समर्पण का संदेश दिया। कार्तिक मास को दामोदर मास भी कहा जाता है। दामोदर शब्द दो संस्कृत शब्दों से बना है- दाम अर्थात रस्सी और उदर अर्थात पेट, जिसका अर्थ है- वह भगवान जिनके उदर पर रस्सी से बंधन हुआ।



**भागवत पुराण में दामोदर लीला का वर्णन**

श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन मिलता है। जब वे नंदगांव में छोटे बालक के रूप में लीला कर रहे थे, तब एक दिन माता यशोदा उन्हें मक्खन चुराकर खाने पर पकड़ लेती हैं। भगवान कृष्ण बचपन में नटखट और लीलामय थे। जब माता यशोदा ने उन्हें चोरी करते देखा, तो हाथ में छड़ी लेकर उन्हें पकड़ने दौड़ीं। श्रीकृष्ण भयवश भागने लगे, लेकिन अंततः मातृ स्नेह ने उन्हें जकड़ लिया।

माता यशोदा ने जब उन्हें दंड देने का विचार किया, तो श्रीकृष्ण रोने लगे और अपनी कोमल आंखों से अश्रु बहाने लगे। यशोदा ने उन्हें अनुशासन सिखाने के लिए एक ओखली से रस्सी द्वारा बांधने का प्रयास किया। किंतु आश्चर्य की बात यह रही कि रस्सी हर बार दो अंगुल छोटी पड़ जाती। तब यशोदा ने अपने प्रेम और श्रम से बार-बार रस्सी जोड़ती रहीं। अंततः जब उनके हृदय में नारायण का स्मरण आया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी माया समेट ली और रस्सी उनके पेट में बंध गई। इसी घटना से उनका नाम दामोदर पड़ा।

**दामोदर लीला का आध्यात्मिक अर्थ**

दामोदर लीला केवल बाल-क्रीड़ा नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक संदेश देती है। भगवान स्वयं को उस भक्ति के आगे समर्पित कर देते हैं जो निर्मल, निस्वार्थ और प्रेममयी होती है। माता यशोदा का प्रेम ऐसा था जिसमें न भय था, न लोभ, केवल वात्सल्य था। इस लीला से यह स्पष्ट होता है कि भक्त जब सच्चे भाव से भगवान को पुकारता है, तो वे अपने दिव्य स्वरूप को भी सीमित कर लेते हैं।

**कार्तिक मास में दामोदर पूजा का महत्व**

कार्तिक मास में दामोदर भगवान की विशेष पूजा करने की परंपरा है। इस मास में दीपदान, तुलसी पूजन, और श्री दामोदराष्टक का पाठ अत्यंत फलदायी माना गया है। कहा गया है कि जो व्यक्ति इस मास में श्रीकृष्ण की दामोदर रूप में आराधना करता है, उसे सभी पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी कारण यह मास भक्तिभाव, संयम और प्रकाश का प्रतीक बन गया है। इस प्रकार कार्तिक मास केवल पुण्य का महीना नहीं, बल्कि वह समय है जब भगवान स्वयं अपने भक्त के प्रेम के बंधन में बंधे और संसार को यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति से ईश्वर भी बंध जाते हैं।

## कैसे करें सूर्य पूजा

गोपाल राजू (वैज्ञानिक)



सूर्य के 108 नामों का जप। मैंने अनुभव किया कि सरलतम उपायों की श्रंखला में वह लम्बी प्रक्रिया थी। इसका सरलीकरण मैं प्रिय पाठकों के लिए यहां लिख रहा हूँ । नियमित रुप से नित्य एक-दो मिनट मात्रा कर लेने से आप कुछ ही समय में इसका चमत्कारी प्रभाव देखेंगे।

नेत्रा के कैसे भी रोग के रोगी के लिए तो यह राम बाण प्रयोग सिद्ध होता है। ख्याति, संपन्नता, ऐश्वर्य के लिए यह प्रयोग प्रत्येक साधक के लिए आवश्यक है। अनुमानतः 35 वर्ष से अधिक से मैं श्री सूर्य नमस्कार कर रहा हूं। प्रभु ने मुझे जो सुखानुभूति दी है, वह मैं शब्दों में नहीं लिख सकता हूँ, ठीक गूंगे को गुड़ का स्वाद न बता पाने की मनःस्थिति की तरह।

भगवान श्री सूर्य नारायण प्रत्यक्ष देवता हैं। सृष्टि क्रम में इनका विशेष स्थान है। वैसे तो सूर्य के अनेक नाम (मंत्रा) विभिन्न योग-मुद्राओं के साथ जप करने का विधान है परन्तु सरलतम उपाय है नाड़ी शोधन करके सूर्य के 12 मंत्रों से सूर्य को अर्घ्य देना।

प्राणायाम के द्वारा जिसका निःशेष मन धुल गया है, ऐसा मन ही ब्रह्म में स्थिति है। अतः सर्वप्रथम सूर्य के सम्मुख नाड़ी शोधन करने का प्रयास करें। ऐसा करने से ही प्राणायाम करने की शक्ति प्राप्त होती है। अपने अंगूठे से दाहिने नथुने को दबा कर बायें नथुने से अपनी शक्ति के अनुसार श्वास खीचें, फिर तुरंत बायें नथुने को दबा कर दाहिने से श्वास धीरे-धीरे बाहर निकाल दें। इसी प्रकार धीरे-धीरे दाहिने नथुने से श्वास खींच कर पूरी तरह से फेफड़ों को वायु से भर लें और दाहिने नथुना दबा कर बायें से श्वास धीरे-धीरे बाहर फेंक दें। इस प्रकार रुक-रुक कर अपने सामर्थ्यानुसार 3, 5 अथवा अधिक आवृत्तियां पूरी करें। ध्यान को अंदर ही केंद्रित करें। कुछ ही समय में आपकी अंतः नाड़ी शुद्धि हो जाएगी।

नाड़ी शोधन के बाद सूर्य देव के सम्मुख जल के किसी पात्रा से 12 बार ऐसे जल छोड़ें कि सूर्य की रश्मियां जल से छन कर आपके पूरे शरीर का स्पर्श करें। प्रत्येक अर्घ्य देने से पूर्व सूर्य का एक नाम (मंत्रा) जपें।

**सूर्य के 12 प्रभावी मन्त्र हैं -**

1. मित्राय नमः 2. रवये नमः 3. सूर्याय नमः 4. भानवे नमः 5. खगाय नमः 6. पूष्णे नमः 7. हिरण्यगर्भाय नमः 8. मरीचये नमः 9. आदित्याय नमः 10. सवित्रो नमः 11. अर्घाय नमः 12. भास्कराय नमः।

अन्तिम मन्त्र जप तथा अर्घ्य के बाद दायें हाथ की सूर्य उंगली अर्थात अनामिका से अर्घ्य से नीचे गिरे जल को स्पर्श कर अपने आज्ञा चक्र पर लगा कर उसे चैतन्य करें। दोनों हाथों को आपस में रगड़कर उत्पन्न हुई ऊर्जा को चेहरे पर फेर कर उसे कान्तिमय बनायें।

हाथों की रेखाओं को देखें। ऐसा भाव जगाएं कि सारी रेखाएं ऊर्ध्वगामी हो रही हैं। इससे सूर्य रेखा व भाग्य रेखा प्रबल होगी। जिस व्यक्ति की ये दोनों रेखाएं प्रबल हो जाएं तो फिर धनसंपदा, ऐश्वर्य, ख्याति आदि उससे कहां दूर रह जाएगी। (उर्वशी)

## चातुर्मास की आखिरी एकादशी

हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को रमा एकादशी के नाम से जाना जाता है। रमा का अर्थ लक्ष्मी से है। इसलिए इस दिन लक्ष्मी जी के साथ-साथ विष्णु जी के केशव स्वरूप की पूजा अर्चना की जाती हैं। यह चातुर्मास की आखिरी एकादशी भी हैं। पंचांग के अनुसार, रमा एकादशी तिथि का प्रारंभ 16 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से हो रहा है और इस तिथि का समापन 17 अक्टूबर दिन शनिवार को सुबह 11 बजकर 12 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर रमा एकादशी 17 अक्टूबर, शुक्रवार को है।

रमा एकादशी व्रत का महत्व

शास्त्रों के अनुसार धर्मराज युधिष्ठिर के आग्रह पर भगवान श्रीकृष्ण सभी पापों से मानव को मुक्त करने वाली पावन रमा एकादशी के महात्म्य के बारे में बताते हैं। जो मनुष्य साल भर आने वाली एकादशी तिथि के व्रत धारण नहीं कर पाता है वो महज इस एकादशी का व्रत रखने से ही जीवन की दुर्बलता और पापों से मुक्ति पाकर सुखमय जीवन जीने लगता हैं। पद्म पुराण में उल्लेख है कि जो फल कामधेनु और चिन्तामणि से प्राप्त होता है उसके समतुल्य फल रमा एकादशी के व्रत रखने से प्राप्त हो जाता हैं। सभी पापों का नाश करने वाली और कर्मों का फल देने वाली रमा एकादशी का व्रत रखने से धन धान्य की कमी भी दूर हो जाती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पीएफआई पर केंद्र के प्रतिबंध को बरकरार रखने के आदेश के खिलाफ याचिका विचारणीय: अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक न्यायाधिकरण के उस आदेश के खिलाफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की याचिका को विचारणीय माना, जिसमें केंद्र द्वारा इस समूह पर लगाए गए पांच साल के प्रतिबंध को बरकरार रखा गया था। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी कर पीएफआई की याचिका पर छह सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। अदालत ने पीएफआई को भी अपना प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी, 2026 के लिए सूचीबद्ध कर दी।

### भागवत मंगलवार से अहमदाबाद का तीन दिवसीय दौरा करेंगे; स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे

**अहमदाबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार से गुजरात के अहमदाबाद के तीन दिवसीय दौरे पर आएंगे। संघ के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। संघ की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरसंघचालक भागवत मंगलवार दोपहर अहमदाबाद पहुंचेंगे और आरएसएस पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। इसमें कहा गया, बुधवार को, वह कोबा में प्रेक्षा विश्व भारती ध्यान केंद्र का दौरा करेंगे, आचार्य महाश्रमणजी से मिलेंगे और एक संबोधन देंगे। भागवत बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से रवाना हो जाएंगे।

### भाजपा 2027 में पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी: केंद्रीय मंत्री बिट्टू

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को कहा कि भाजपा 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में सभी 117 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ गठबंधन की संभावना को लगभग खारिज कर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा फिर से शिअद के साथ गठबंधन करेगी, बिट्टू ने कहा कि उनकी पार्टी का रुख स्पष्ट है कि वह 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब की सभी 117 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, हम 117 विधानसभा सीट पर (चुनाव लड़ने की) तैयारी कर रहे हैं। बिट्टू ने कहा कि भाजपा की पंजाब इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने भी यह स्पष्ट कर दिया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की हालत स्थिर, अस्पताल से मिली छुट्टी

**बेंगलुरु :** पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा की हालत ''चिकित्सकीय रूप से स्थिर'' है और उन्हें सोमवार को छुट्टी दे दी गई। उनका इलाज कर रहे अस्पताल ने यह जानकारी दी। जनता दल (सेक्युलर) प्रमुख 92 वर्षीय देवेगौड़ा को छह अक्टूबर को बुखार और मूत्रमार्ग में संक्रमण की जांच के लिए पिछले सप्ताह बेंगलुरु स्थित मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मणिपाल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा, हमारे माननीय पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की हालत चिकित्सकीय रूप से स्थिर है और उन्हें अब छुट्टी दी जा रही है। बाद में, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में देवेगौड़ा ने कहा कि वह जल्द ही अपने आधिकारिक कामकाजों को फिर से शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, कुछ दिन अस्पताल में रहने के बाद मैं घर लौट आया।

### तमिलनाडु के मंदिरों ने स्वर्ण मुद्रीकरण योजना से 17.76 करोड़ रुपये का ब्याज राजस्व अर्जित किया

**चेन्नई :** तमिलनाडु के हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री पी के शेखर बाबू ने कहा है कि राज्य सरकार की स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के तहत अर्जित ब्याज से राज्य भर में 21 मंदिर सालाना 17.76 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करते हैं। विभिन्न मंदिरों को दान में दिए गए और अप्रयुक्त पड़े 1,074 किलोग्राम वजन के सोने के आभूषणों को पिघलाकर छड़ों में बदल दिया गया और संबंधित मंदिरों के नाम से एसबीआई की स्वर्ण निवेश योजना में जमा कर दिया गया।

# भारतीय रेलवे 50 वर्षों से उपेक्षित रही, अब इसका कायाकल्प हो रहा है : वैष्णव



**वलसाड (गुजरात) :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारतीय रेलवे पांच दशक से अधिक समय तक उपेक्षित रही, लेकिन अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान इसमें आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुजरात के वलसाड में एक सभा को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने यह घोषणा भी की कि आरपीएफ कर्मियों की भर्ती अब हर साल की जाएगी। इससे पहले हर चार से पांच वर्षों में आरपीएफ कर्मियों की भर्ती होती थी। वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा, 50-60 वर्षों तक देश में रेलवे उपेक्षित रहा। आज रेलवे आमूलचूल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पिछले 11 वर्षों में लगभग 35,000 किलोमीटर पटरियां बिछाई गई हैं। यह रेलवे के इतिहास में अभूतपूर्व है। परिणामस्वरूप, आज अधिक ट्रेन चल रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 1,300 स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 110 स्टेशन का कार्य पूरा होने के बाद उद्घाटन किया जा चुका है, जबकि शेष स्टेशन पर कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने कहा, लगभग 60,000 किलोमीटर पटरियों का विद्युतीकरण किया जा चुका है।

### रेल मंत्री ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत बिलिमोरा स्टेशन के निर्माण का जायजा लिया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माणाधीन बिलिमोरा स्टेशन का दौरा किया और इसके निर्माण और पटरी बिछाने के कार्यों का जायजा लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। वैष्णव ने स्टेशन के अग्रभाग, आंतरिक स्थानों, प्लेटफॉर्म क्षेत्रों, आधुनिक यात्री सुविधाओं जैसे प्रतीक्षालय, नर्सरी, शौचालय और खुदरा दुकानों का जायजा लिया। बिलिमोरा, मुंबई और अहमदाबाद के बीच बन रहे भारत के पहले 508 किलोमीटर लंबे बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के 12 स्टेशन में से एक है।

### भारत और फ्रांस के सेना प्रमुखों की दिल्ली में बैठक, आतंकवाद निरोधक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को यहां फ्रांस के सेना अध्यक्ष जनरल पियरे शिल से मुलाकात की और संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यासों के विस्तार, आतंकवाद निरोधक सहयोग और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों प्रमुखों ने मजबूत भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की भी पुष्टि की। 'साउथ ब्लॉक' में यह बैठक 14-16 अक्टूबर तक दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैनिक योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन से पहले हुई। यूएनटीसीसी परिचालन चुनौतियों, उभरते खतरों, अंतर-संचालन, निर्णय लेने में समावेशिता तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना को मजबूत करने में प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण की भूमिका पर विचार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

## कनाडा की विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात के दौरान भारत-कनाडा संबंधों खास तौर पर व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग को रेखांकित किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल जून में हुई कनाडा यात्रा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बेहद सार्थक बैठक की थी। बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि और लोगों के संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए हुए सहयोग का जिक्र किया। मोदी ने कहा कि वह कार्नी के साथ होने वाली आगामी मुलाकातों का इंतजार कर रहे हैं। अनीता आनंद रविवार शाम नयी दिल्ली पहुंची थीं। वह तीन देशों की अपनी यात्रा के क्रम में चीन और सिंगापुर भी जाएंगी।

## न्यायालय ने गायिका नेहा सिंह राठौर की प्राथमिकी रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज की



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर गायिका और कार्यकर्ता नेहा सिंह राठौर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और उन्हें मुकदमे का सामना करने को कहा। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रही है। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि इस समय वह विद्रोह के आरोप (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने) के मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं कर रही है। शीर्ष अदालत ने उन्हें आरोप तय करते समय ये मुद्दे उठाने की भी स्वतंत्रता दी। गायिका ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 19 सितंबर के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। प्राथमिकी में राठौर पर एक खास धार्मिक समुदाय को निशाना बनाने और देश की एकता को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने अप्रैल के आखिरी हफ्ते में हजरतगंज थाने में अभय प्रताप सिंह नाम के एक व्यक्ति द्वारा अपने खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी को चुनौती दी थी। सिंह ने राठौर पर धार्मिक आधार पर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने की बार-बार कोशिश करने का आरोप लगाया था।

## कांग्रेस शासित राज्यों की अनदेखी कर रही केंद्र सरकार, हिमाचल को पर्याप्त मदद नहीं मिली : प्रियंका



**शिमला :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केंद्र सरकार पर आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश को पर्याप्त मदद नहीं देने का आरोप लगाया और दावा किया कि केंद्र, कांग्रेस शासित राज्यों की ''उपेक्षा'' कर रहा है। प्रियंका ने यह टिप्पणी छह बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वीरभद्र सिंह की एक प्रतिमा का अनावरण किये जाने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए की। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित दौलत सिंह पार्क में वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा, सुखविंदर सुक्खू के मुख्यमंत्री बनने के बाद हिमाचल में भारी बारिश हुई, लेकिन केंद्र सरकार ने कई बार अनुरोध करने के बावजूद कांग्रेस शासित राज्य को पर्याप्त मदद नहीं दी। प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल चुनाव जीतने में रुचि रखती है और उसने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव किया है। इस मानसून में जून से सितंबर तक राज्य में बादल फटने की 47, अचानक बाढ़ की 98 और बड़े भूस्खलन की 148 घटनाएं हुईं, जिनमें वर्षाजनित घटनाओं में 270 लोग मारे गए। कुल नुकसान 5,426 करोड़ रुपये आंका गया। राज्य प्राधिकारियों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में भी हिमाचल प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## जुबिन गर्ग मौत मामला: सिंगापुर से चार और असमिया प्रवासी जांच के सिलसिले में पुलिस के समक्ष पेश हुए

**गुवाहाटी :** सिंगापुर में गायक जुबिन गर्ग के अंतिम क्षणों के गवाह रहे असम के चार और प्रवासी मामले की जांच के सिलसिले में उन्हें जारी दूसरे नोटिस के जवाब में सोमवार को पुलिस के सामने पेश हुए। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सिंगापुर में रह रहे कुछ और असमी प्रवासी भारतीयों के अगले दो दिनों में अपना बयान दर्ज कराने के लिए असम पुलिस के समक्ष पेश होने और अपना बयान दर्ज कराने की उम्मीद है। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जिओलंगसत नारजारी, परीक्षित शर्मा और सिद्धार्थ बोरा सुबह सीआईडी मुख्यालय पहुंचे, जबकि एक अन्य प्रवासी भास्कर ज्योति दत्ता शाम में पहुंचे। उन्होंने कहा, ''हमने चारों से पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के संबंध में उनके बयान दर्ज किये जा रहे हैं।'' पुलिस ने 'असम एसोसिएशन सिंगापुर' से जुड़े 10 लोगों को नये सिरे से समन जारी किए थे, क्योंकि वे छह अक्टूबर की समय सीमा के भीतर जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। इससे पहले, सिंगापुर से असम के रूपकमल कालिता ही सीआईडी के समक्ष पेश हुए थे और उनसे 24 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी, उसके बाद उन्हें जाने दिया गया था। प्रसिद्ध गायक की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के चौथे संस्करण में शामिल होने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई देश गए थे।

## जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण बैठक में भारत ने दिखाया नेतृत्व

**डॉ. पी. के. मिश्र ने पूर्व-चेतावनी प्रणाली और वित्तपोषण रणनीति पर साझा किया भारत का अनुभव**

**नई दिल्ली :** जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) मंत्रिस्तरीय बैठक के पहले दिन भारत ने वैश्विक स्तर पर आपदा प्रबंधन और पूर्व-चेतावनी सहयोग में अपनी मजबूत भूमिका प्रदर्शित की। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो उच्च-स्तरीय सत्रों - एकजुटता और अनुकूलन तथा डीआरआर निवेश को बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार और राजनीतिक नेतृत्व* में भाग लिया। डॉ. मिश्र ने कहा कि पूर्व-चेतावनी प्रणालियां तकनीकी विलासिता नहीं, बल्कि रणनीतिक निवेश हैं, जो आपदा प्रबंधन में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। उन्होंने भारत की बहु-एजेंसी संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान से जुड़े संस्थान एक कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल-अनुपालक एकीकृत चेतावनी प्रणाली के माध्यम से जुड़े हैं। यह प्रणाली अब तक 109 अरब से अधिक अलर्ट जारी कर चुकी है। उन्होंने जी-20 देशों से आग्रह किया कि वैश्विक सभी के लिए पूर्व-चेतावनी पहल के तहत क्षेत्रीय प्लेटफॉर्मों के बीच साझा डेटा प्रोटोकॉल और संयुक्त क्षमता निर्माण को सशक्त किया जाए। डीआरआर के वित्तपोषण पर आयोजित सत्र में, डॉ. मिश्र ने भारत की पांच-स्तंभ वित्तपोषण रणनीति का विवरण देते हुए बताया कि भारत ने वित्त आयोग के माध्यम से नियम-आधारित और विकेन्द्रीकृत वित्तपोषण मॉडल अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत अब राहत-केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर जोखिम न्यूनीकरण और समुदाय आधारित तैयारियों पर जोर दे रहा है। बैठक के दौरान डॉ. मिश्र ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के मंत्रियों से द्विपक्षीय वार्ता भी की। उन्होंने नवाचार, समावेशी वित्तपोषण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को लागू करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## मंगोलिया के राष्ट्रपति भारत की राजकीय यात्रा पर, प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

**नयी दिल्ली :** मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना सोमवार को भारत की चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि हवाई अड्डे पर पहुंचने पर नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने उनका स्वागत किया। ग्यारह अक्टूबर को, विदेश मंत्रालय ने 13 से 16 अक्टूबर तक मंगोलिया के राष्ट्रपति की आधिकारिक भारत यात्रा की घोषणा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शाम को राष्ट्रपति उखना से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कल प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत हमारी दोस्ती के अगले दशक के लिए एक दूरदर्शी दिशा निर्धारित करेगी। बयान के अनुसार, मंगोलिया के राष्ट्रपति मंगलवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे और उनके साथ वार्ता करेंगे। बैठक से पहले, सुबह राष्ट्रपति उखना राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जयशंकर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में मंगोलिया के राष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से भारत की राजकीय यात्रा के दौरान मुलाकात करना सम्मान की बात है। आध्यात्मिक पड़ोसी और 'ग्लोबल साउथ' के सदस्य के रूप में हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के उनके गर्मजोशी भरे विचारों की मैं सराहना करता हूं।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने छठ पूजा की तैयारियों पर नजर रखने के लिए समिति गठित की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा उत्सव की तैयारियों की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। एक अधिकारिक बयान के अनुसार, कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति छठ पूजा के आयोजन के लिए उपयुक्त स्थानों को चिह्नित करेगी और सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, परिवहन और समग्र सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी। कपिल मिश्रा के नेतृत्व वाली समिति के सदस्यों में लक्ष्मी नगर के विधायक अभय कुमार वर्मा, संगम विहार के विधायक चंदन कुमार चौधरी, मटियाला के विधायक संदीप सहरावत और बादली के विधायक दीपक चौधरी शामिल हैं। मिश्रा ने कहा, छठ पूजा न केवल पूर्वांचल की बल्कि दिल्ली की भी सांस्कृतिक पहचान है। यह हमारी सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक है। दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने जानबूझकर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था की अवहेलना की।

## केंद्र अगले महीने से पेंशनभोगियों के लिए राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान शुरू करेगा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार एक से 30 नवंबर तक पेंशनभोगियों के लिए राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान चलाएगी, जिसमें देश भर के 2,000 जिलों और उप-मंडल मुख्यालयों को शामिल किया जाएगा। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। यह अभियान 19 पेंशन वितरण बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी), पेंशनभोगी कल्याण संघों (पीडब्ल्यूए), सीजीडीए, दूरसंचार विभाग, रेलवे, यूआईडीएआई और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के सुदूर हिस्सों में प्रत्येक पेंशनभोगी तक पहुंच सुनिश्चित करना है। यह पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा आयोजित ऐसा चौथा अभियान होगा। इस वर्ष, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) के विशाल नेटवर्क के माध्यम से सभी जिलों में डीएलसी शिविर आयोजित करेगा। जो सभी श्रेणी के पेंशनभोगियों को, चाहे उनका बैंक कोई भी हो, उनके घर तक डीएलसी सेवाएं प्रदान करेगा। बयान में कहा गया, 19 पेंशन वितरण बैंक 300 शहरों में कई स्थानों पर शिविर लगाएंगे। इनमें वृद्ध, दिव्यांग या बीमार पेंशनभोगियों के घरों और अस्पतालों का दौरा भी शामिल है।

## न्यू सरस्वती हाउस ने आयोजित की हिंदी विषय-संवर्धन कार्यशाला



**मुंबई :** न्यू सरस्वती हाउस प्रकाशन द्वारा होटल कोहिनूर पार्क, प्रभादेवी, मुंबई में हिंदी विषय-संवर्धन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 253 हिंदी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया, जबकि 105 विद्यालयों के प्राचार्यगण की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ शिक्षाविद्, कवि एवं पत्रकार डॉ. त्रिलोक नाथ पाण्डेय ने किया। उन्होंने शिक्षकों को हिंदी शिक्षण की नवाचारी युक्तियाँ, सरल भाषा-संसाधन निर्माण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग जैसे समसामयिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. पाण्डेय ने इसे संवादात्मक और अनुभवात्मक रूप से प्रस्तुत किया, जिससे सभी शिक्षकों को शिक्षण में नए दृष्टिकोण प्राप्त हुए। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक बताया। कई शिक्षकों ने सुझाव दिया कि इस तरह की कार्यशालाएँ वर्ष में चार बार आयोजित की जानी चाहिए और अवधि बढ़ाई जाए। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों के साथ विचार-विनिमय और सीखने का अवसर प्राप्त करना गौरव का विषय है और कार्यशाला में सीखी गई तकनीकें जब कक्षा में लागू होंगी, तभी यह प्रयास सफल होगा। न्यू सरस्वती हाउस ने भी शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का आश्वासन दिया। कार्यशाला का वातावरण शिक्षण, संवाद और सीखने की सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

### चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंध हटाने के लिए भारत को अमेरिका से बात करनी चाहिए : मुत्तकी

**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने सोमवार को कहा कि भारत को चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंध हटाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत करनी चाहिए। मुत्तकी ने कहा कि वह रणनीतिक रूप से स्थित चाबहार बंदरगाह के अधिकतम इस्तेमाल के पक्ष में हैं और उन्होंने अमेरिका के साथ अपनी बैठकों में प्रतिबंध हटाने का मुद्दा भी उठाया है। तालिबान शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्री इस समय भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने व्यापार, चिकित्सा पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए भारत द्वारा अधिक वीजा जारी किए जाने की भी वकालत की। मुत्तकी ने कहा, ''...आप (भारत) वीजा जारी करें, वीजा प्रक्रिया को आसान बनाएं, उड़ानों का संचालन बेहतर करें, कोई दिक्कत नहीं है, पासपोर्ट हैं, कोई दिक्कत नहीं है, जो नहीं है वो वीजा है, वीजा दीजिए।''

### कांग्रेस नेतृत्व के साथ तेजस्वी का मंथन, मंगलवार तक हो सकती है सीट बंटवारे की घोषणा

**नयी दिल्ली :** बिहार में सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में जारी गतिरोध के बीच राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेतृत्व के बीच सोमवार को मंथन हुआ और मंगलवार तक पूरी तस्वीर साफ होने तथा सीट बंटवारे की घोषणा होने की भी उम्मीद है। यादव ने पहले कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के साथ बातचीत की और फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पहुंचकर उनके साथ मंत्रणा की। बैठकों में कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश राम भी मौजूद थे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि मंगलवार तक पूरी तस्वीर साफ होने की उम्मीद है और सीट बंटवारे की घोषणा भी संभव है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जो भी अंतिम निर्णय होगा, वह सभी घटक दलों के लिए सम्मानजनक होगा।

## मोदी ने अधिक मूल्य वाली फसलें उगाने, आय बढ़ाने के लिए समूह खेती पर जोर दिया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समूह खेती की वकालत करते हुए सुझाव दिया है कि छोटे और सीमांत किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए अधिक मूल्य वाली फसलें उगाने और छोटे खेतों को मिलकर बड़ी जोत तैयार करने पर विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में आयोजित एक कार्यक्रम में किसानों के साथ बातचीत की। किसानों के साथ यह संवाद 35,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख योजनाओं का शुभारंभ करने से पहले हुआ। इस मौके पर मोदी ने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और 11,440 करोड़ रुपये के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ''उन्होंने एक चरणबद्ध नजरिया अपनाने का सुझाव दिया। इसके तहत भूमि के एक हिस्से पर प्राकृतिक खेती का परीक्षण करना और बाकी पर पारंपरिक तरीकों को जारी रखना शामिल है।'' विभिन्न राज्यों के कई किसानों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। मध्य प्रदेश के जबलपुर के एक युवा उद्यमी ने अपनी एरोपोनिक आधारित आलू बीज खेती का प्रदर्शन किया, जिसमें आलू बिना मिट्टी के ऊर्ध्वाधर संरचनाओं में उगाए जाते हैं। बयान के मुताबिक, इसे देखकर मोदी ने मजाकिया अंदाज में इसे 'जैन आलू' कहा, क्योंकि ऐसी उपज जैन धर्म को मानने वालों के आहार नियमों के अनुरूप हो सकती है, जो जमीन के नीचे उगने वाली सब्जियों से परहेज करते हैं।

## सिक्किम के राज्यपाल ने सेवक-रंगपो रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

- **परियोजना से राज्य में पर्यटन, औद्योगिक विकास और रोजगार को मिलेगी नई गति**



**मालीगांव :** सिक्किम के माननीय राज्यपाल श्री ओम प्रकाश माथुर ने रविवार को पाक्योंग जिले के खनिखोला और रंगपो में चल रही सेवक-रंगपो रेल लाइन परियोजना का निरीक्षण किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ लोकसभा सांसद डॉ. इंद्र हांग सुब्बा, जिलाधिकारी श्री रोहन अंगवाडे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। राज्यपाल ने परियोजना की स्थिति का आकलन करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान एनएफआर के महाप्रबंधक (निर्माण) अरुण कुमार चौधरी और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरि मोहन गुप्ता ने परियोजना की प्रगति पर प्रस्तुति दी। अधिकारियों ने बताया कि 14 सुरंगों और 23 पुलों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। राज्यपाल ने कहा कि यह परियोजना सिक्किम के पर्यटन, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगी। उन्होंने एनएफआर और इरकॉन के समर्पण की सराहना करते हुए कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पूर्वोत्तर में बेहतर कनेक्टिविटी के विजन का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 45 किलोमीटर लंबी सेवक-रंगपो रेल लाइन हिमालयी राज्य सिक्किम को पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। उन्होंने परियोजना के निर्धारित समय पर पूर्ण होने का विश्वास व्यक्त किया और सभी संबंधित एजेंसियों से पूर्ण सहयोग की अपील की।

